उज्जैन
रविवार
30
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-296
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होंगे राहुल गांधी

7 ▸ विमेंस एशिया कप में भारत का पहला मैच आज



### हर्षिता गौर ने मिर्जापुर पहले ठुकराया था

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

मिर्जापुर में डिंपी पंडित का किरदार निभाकर घर-घर पहचान बनाने वालीं हर्षिता गौर अब मिर्जापुरः द मूवी में नजर आएंगी। दिलचस्प बात यह है कि जिस सीरीज ने उन्हें पहचान दी, उसे उन्होंने शुरूआत में करने से मना कर दिया था। उस वक्त ओटीटी का दौर नया था और हर्षिता टीवी पर मुख्य किरदार निभा चुकी थीं। उन्हें लगा था कि किसी की बहन का किरदार क्यों निभाएं। एक्सेल के ऑफिस पहुंचते वक्त उन्हें उम्मीद थी कि शायद फरहान अख्तर या रितेश सिधवानी की नजर उन पर पड़ जाए और उन्हें किसी फिल्म में हीरोइन बनने का मौका मिल जाए। लेकिन डिंपी के एक सीन ने उनकी सोच बदल दी। आज वे मानती हैं कि अगर उस वक्त मिर्जापुर को मना कर देतीं तो यह उनके करियर की सबसे बड़ी गलती होती। करीब 8 साल बाद उसी दुनिया की फिल्म में लौटना उनके लिए घर वापसी जैसा है।

### देश

- पीएम मोदी आज ताशकंद में शास्त्री मेमोरियल जाएंगे, राष्ट्रपति मिर्जियोयेव से द्विपक्षीय बैठक, व्यापार और निवेश पर होगी बात
- राहुल गांधी ने खरगे के लिए मांगा इंसाफ, बोले-ये तो छुआछूत है, जल्दी एफआईआर दर्ज करो
- दूध के दाम पर किसानों का बड़ा एलान, मांग नहीं मानी तो एक सितंबर से थम सकती है सप्लाई
- मध्य प्रदेश में बड़ी प्रशासनिक चाल, अंशुमन यादव को गुप्तवार्ता की कमान के साथ साइबर भी
- एक्टर चंद्रचूड़ की हवेली कब्जाई, चाची समेत 7 पर एफआईआर, भाई बोले- फर्जी वसीयत बनवाकर प्रॉपर्टी हड़पी, अब पुलिस डील करेगी
- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसाः आगे चल रहे ट्रक में घुसी रोडवेज बस, 27 यात्री घायल, छह मेडिकल कॉलेज रेफर
- मणिपुर में फिर हिंसा, नोनी में उग्रवादी गुटों के बीच गोलीबारी, एक की मौत और छह घायल, थौबल में ग्रेनेड धमाका

### विदेश

- नेपाल बाढ़ में बैंक का लॉकर बहा, 57 लाख लूटे, सेफ तोड़कर कैश निकालने के आरोप में 29 हिरासत में
- रोजर फेडरर टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल, स्पीच देते समय रो पड़े, कहा- यह जिंदगी का सबसे बड़ा सम्मान, 20 ग्रैंड स्लैम जीते
- उज्बेकिस्तान में पीएम मोदी को महिलाओं ने राखी बांधी, राष्ट्रपति मिर्जियोयेव के साथ एक ही कार में रवाना हुए

### व्यापार

- ज्यादा शक्कर-तेल वाली खाने-पीने की चीजों पर लगेगी चेतावनी पैकेट पर लाल रंग का षटकोण बनाया जाएगा, एफएसएसएआई का सुप्रीम कोर्ट को प्रस्ताव
- नेपाल बाढ़ः इंफोसिस पब्लिक सर्विसेज के सीईओ गोपीसेटी लापता, कंपनी ने कहा- वे निजी यात्रा पर गए थे, उनके परिवार की हर संभव मदद कर रहे
- सितंबर में 14 दिन बैंकों में काम नहीं होगा, 4 रविवार और 2 शनिवार के अलावा अलग-अलग जगहों पर 8 दिन बैंक बंद रहेंगे
- जिम से किचन तक पहुंचा प्रोटीन, सप्लीमेंट 230% बढ़े, दूध, दही, पनीर, स्नैक्स, ब्रेड, पेय पदार्थ अब प्रोटीन के नाम पर बेच रहीं कंपनियां

### कार्टून..




## उज्जैन में छोटी दुकानें बंद, शहरी सीमा खत्म होते ही नजर आ रहे शराब के डिपो

# नशे की हालत में हिंसा की घटनाएं सामने आ रही

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकाल की नगरी उज्जैन में शराबबंदी का फैसला धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से बड़ा कदम माना गया था। नगर निगम सीमा में संचालित शराब दुकानों को बंद कर दिया गया। लेकिन अब सवाल उठ रहा है कि क्या शराबबंदी वास्तव में हुई है या शराब की दुकानें सिर्फ शहर की सीमा से बाहर खिसक गई हैं?

जमीनी स्थिति यह है कि उज्जैन शहर का विस्तार सरकारी सीमा से कहीं आगे हो चुका है। प्रमुख पहुंच मार्गों पर आबादी, कॉलोनियां, होटल और व्यावसायिक गतिविधियां बढ़ रही हैं। ऐसे में शहर की सीमा समाप्त होते ही बड़ी शराब दुकानें दिखाई देना शराबबंदी के उद्देश्य पर सवाल खड़े करता है।

**शहर में दुकानें बंद, बाहर बड़े बिक्री केंद्र-** अप्रैल 2025 में नगर निगम सीमा में शराब बिक्री पर रोक के बाद शहर की 17 शराब दुकानों को बंद किया गया था। प्रशासन के अनुसार इन दुकानों को शहर से बाहर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानांतरित किया गया। लेकिन यदि ये दुकानें शहर में प्रवेश करने वाले प्रमुख मार्गों पर ही संचालित हों तो आम नागरिक के लिए शराब की उपलब्धता खत्म होने के बजाय केवल उसका स्थान बदलता दिखाई देता है।




### असली सवाल शहर पर पड़ रहे असर का

प्रशासन के लिए सवाल केवल यह नहीं होना चाहिए कि शराब की दुकान नगर निगम सीमा में है या बाहर। सवाल यह है कि उसका असर उज्जैन शहर पर कितना पड़ रहा है। यदि प्रमुख मार्गों पर दुकान के कारण भीड़, सड़क किनारे वाहन खड़े होने, सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी या कानून-व्यवस्था की समस्या पैदा होती है तो सिर्फ सीमा से बाहर होना समाधान नहीं माना जा सकता।

### प्रशासन से उठ रहे सवाल

क्या शहर की सीमा से लगी शराब दुकानों का सर्वे कराया गया है? क्या प्रमुख पहुंच मार्गों पर इनके कारण यातायात और कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा हुई है? क्या उज्जैन के वास्तविक शहरी विस्तार को ध्यान में रखते हुए दुकानों की लोकेशन पर पुनर्विचार किया जाएगा?
शराबबंदी की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि शहर के अंदर कितनी दुकानें बंद हुईं, बल्कि इससे कि शराब की सहज उपलब्धता, सार्वजनिक शराबखोरी और उससे जुड़ी सामाजिक समस्याएं कितनी कम हुईं।

### नशे की हालत में हिंसा की घटनाएं दिखा रहीं असर

शराब और नशे का बढ़ता सेवन अब सामाजिक समस्या के साथ-साथ कानून-व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बनता दिखाई दे रहा है। हाल के मामलों में नशे की हालत में मामूली विवादों के हिंसक रूप लेने की घटनाएं सामने आई हैं।
उज्जैन में शराब के लिए हुए विवाद में भाई की चाकू मारकर हत्या का मामला सामने आया, जबकि शाजापुर में भी शराब के नशे से जुड़े घरेलू विवाद में पति की मौत हुई।
उज्जैन में नशे के खिलाफ पुलिस ने नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान भी चलाया, जिसका उद्देश्य नशे के दुष्परिणामों के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।
इन घटनाओं से साफ है कि नशे पर नियंत्रण केवल शराब की दुकानों को सीमित करने तक नहीं, बल्कि नशे की उपलब्धता, अवैध बिक्री और नशे के बाद होने वाली हिंसा पर प्रभावी कार्रवाई से जुड़ा विषय है। सरकार और प्रशासन के सामने चुनौती यही है कि नशामुक्ति के प्रयासों का असर जमीन पर दिखाई दे और नशे से जुड़े अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगे।

### कागज पर सीमा बाहर, व्यवहार में उज्जैन के दरवाजे पर

उज्जैन को इंदौर, भोपाल, रतलाम, धार, राजस्थान सहित विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर शहर की सीमा से लगे क्षेत्रों में शराब की बिक्री होने से लोगों को शराब खरीदने के लिए शहर से दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ती। यही कारण है कि सवाल उठ रहा है कि शराबबंदी का सामाजिक उद्देश्य कितना पूरा हुआ? अप्रैल 2025 में आगर रोड सहित कुछ सीमा से बाहर के क्षेत्रों में शराब दुकानों के आसपास भीड़ और खुले में शराब पीने को लेकर विवाद की खबरें भी सामने आई थीं। पुलिस को कार्रवाई करनी पड़ी थी।

## दस साल से अटकी पदोन्नति प्रक्रिया को रफ्तार

# अब हर साल होगी डीसीपी की बैठक

## मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों को बड़ी राहत, विभागों में पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति का रास्ता साफ, लंबित मामलों के निपटारे पर सरकार का जोर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल**

मध्यप्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति को लेकर बड़ी राहत की खबर है। लंबे समय से अटकी पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के साथ अब सरकार ने विभागीय पदोन्नति समिति यानी डीपीसी की बैठकें हर साल नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में घोषणा की कि पात्र कर्मचारियों की पदोन्नति में अनावश्यक देरी नहीं होने दी जाएगी।

**दस साल से इंतजार कर रहे कर्मचारियों को उम्मीद-** मध्यप्रदेश में पदोन्नति प्रक्रिया लंबे समय से न्यायालयीन मामलों और नियमों को लेकर विवाद के कारण प्रभावित रही है। रिपोर्टों के अनुसार करीब दस वर्षों से बड़ी संख्या में कर्मचारी नियमित पदोन्नति का इंतजार कर रहे थे। अब सरकार ने 2025 के पदोन्नति नियमों के तहत प्रक्रिया को आगे बढ़ाने की दिशा में कदम उठाए हैं।

- **2025 के नए नियमों के तहत होगी प्रक्रिया-** राज्य सरकार ने 2025 में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम लागू किए थे। इन्हीं नियमों के आधार पर अब पदोन्नति प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। सरकारी विभागों में पदोन्नति के लिए चयन वर्ष के अनुसार पात्रता निर्धारित करने और डीपीसी के माध्यम से मामलों का परीक्षण करने की व्यवस्था है। हालांकि पदोन्नति से जुड़े आरक्षण और नियमों को लेकर न्यायालयीन मामले भी महत्वपूर्ण हैं। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में पदोन्नति नीति से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई है और कुछ मामलों में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का इंतजार भी किया जा रहा है। इसलिए अलग-अलग विभागों में प्रक्रिया की गति और स्थिति अलग हो सकती है।
- **कर्मचारियों को क्या मिलेगा फायदा-** नियमित डीपीसी होने से सबसे बड़ा फायदा उन कर्मचारियों को होगा जिनकी निर्धारित सेवा अवधि पूरी हो चुकी है और जो पदोन्नति के लिए पात्र हैं। समय पर पदोन्नति मिलने से न केवल पद और जिम्मेदारी बढ़ेगी, बल्कि वेतनमान, सेवा लाभ और सेवानिवृत्ति से जुड़े लाभों पर भी इसका असर पड़ सकता है। सरकार की यह पहल प्रशासनिक व्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। लंबे समय तक एक ही पद पर रहने वाले कर्मचारियों के स्थान पर समय-समय पर योग्य अधिकारियों और कर्मचारियों को उच्च जिम्मेदारियां मिलने से विभागीय कामकाज में भी गति आने की उम्मीद है।
- **पहले ही कई विभागों में प्रक्रिया शुरू-** सरकार की नई व्यवस्था के बाद अलग-अलग विभागों में पदोन्नति के आदेश भी सामने आने लगे हैं। रिपोर्टों के अनुसार जुलाई 2026 में नीमच में 44 और छिंदवाड़ा में राजस्व स्थापना के 59 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई। इससे संकेत मिल रहा है कि वर्षों से रुकी प्रक्रिया अब धीरे-धीरे जमीन पर आगे बढ़ रही है।

सरकार का जोर इस बात पर है कि विभागों में पदोन्नति के लिए निर्धारित प्रक्रिया समय पर पूरी हो और पात्र कर्मचारियों के मामलों को डीपीसी के सामने रखा जाए। इससे कर्मचारियों के करियर में रुकी हुई प्रगति को गति मिलने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री की घोषणा के मुताबिक अब विभागीय पदोन्नति समितियों की बैठक नियमित रूप से हर वर्ष कराने की व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि किसी कर्मचारी को पदोन्नति के लिए वर्षों तक इंतजार न करना पड़े। डीपीसी में संबंधित कर्मचारी की पात्रता, निर्धारित सेवा अवधि, वरिष्ठता, रिक्त पद और विभागीय नियमों के आधार पर विचार किया जाएगा। यानी केवल वरिष्ठता के आधार पर स्वतः पदोन्नति नहीं होगी, बल्कि संबंधित सेवा नियमों के अनुसार पात्रता पूरी करना जरूरी होगा।

### कर्मचारियों की नजर अब अपने विभाग की डीपीसी पर

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद कर्मचारियों की नजर अब इस बात पर है कि उनके विभाग में डीपीसी की बैठक कब आयोजित होती है। कर्मचारियों को अपनी वरिष्ठता सूची, सेवा अवधि और सेवा रिकॉर्ड की स्थिति पर भी नजर रखनी होगी। पात्र कर्मचारियों के मामलों को विभागीय स्तर पर तैयार कर डीपीसी के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। हालांकि हर कर्मचारी को पदोन्नति मिलना स्वतः तय नहीं है। पदोन्नति संबंधित विभाग के सेवा नियम, पात्रता, रिक्त पद और डीपीसी की अनुशंसा के आधार पर होगी। कुल मिलाकर, वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे मध्यप्रदेश के सरकारी कर्मचारियों के लिए सरकार का नियमित डीपीसी कराने का फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब चुनौती यह है कि घोषणा के बाद सभी विभागों में प्रक्रिया कितनी तेजी और पारदर्शिता से लागू होती है और लंबे समय से लंबित मामलों का निपटारा कितने समय में किया जाता है।

## बस संचालन की तैयारी अंतिम चरण में

# यात्रियों को सितंबर में राहत मिलने की उम्मीद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश में सरकारी बस सेवा का इंतजार कर रहे यात्रियों को सितंबर में राहत मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के तहत प्रदेश के दूरस्थ शहरों और जिला मुख्यालयों को जोड़ने वाले 20 से अधिक रूटों पर बस संचालन की तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। परिवहन विभाग के अनुसार बस ऑपरेटरों के चयन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सितंबर से बसों का संचालन शुरू किया जा सकता है। योजना के पहले चरण में इंदौर क्षेत्र से बस सेवा शुरू करने की तैयारी है।

इस योजना का लाभ उज्जैन सहित प्रदेश के अन्य शहरों और कस्बों को भी मिलने की उम्मीद है। इंदौर से सागर, जबलपुर, शहडोल, बालाघाट सहित विभिन्न शहरों के लिए बस ऑपरेटरों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले चरणों में उज्जैन क्षेत्र से जुड़े मार्गों पर भी सार्वजनिक परिवहन सुविधा को विस्तार मिलने की संभावना है। इससे उज्जैन आने-जाने वाले यात्रियों के साथ आसपास के ग्रामीण और छोटे शहरों के लोगों को भी बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी।

### 1164 रूट पर चलेंगी 5206 बसें

- मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा योजना को मोहन कैबिनेट ने 1 अप्रैल 2025 को मंजूरी दी थी। योजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से संचालित करने का निर्णय लिया गया था। शुरूआती योजना के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से बसों का संचालन शुरू किया जाना था, लेकिन प्रक्रिया में देरी के कारण यह समयसीमा आगे बढ़ गई।
- पूरे प्रदेश में योजना को लागू करने के लिए मध्यप्रदेश को सात क्षेत्रों–इंदौर, उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, सागर, ग्वालियर और रीवा में बांटा गया है। सरकार ने विभिन्न श्रेणियों के कुल 1164 रूट चिन्हित किए हैं। इन मार्गों पर करीब 5206 बसें संचालित करने की योजना है।

## चित्रकूट में भारी बारिश से हाहाकार

# चारों तरफ का सड़क संपर्क मार्ग कटा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सतना**

मध्य प्रदेश के सतना और चित्रकूट में भारी से बाढ़ का विकराल रूप देखने को मिल रहा है। हालात बेकाबू होते जा रहे हैं। आंचलिक क्षेत्रों में कई मार्ग बंद हो गए हैं। जबलपुर से एनडीआरएफ और एसडीईआरएफ रेस्क्यू टीम को भेजा गया है। हालात बेकाबू होते नजर आ रहे हैं। चित्रकूट में मां मंदाकिनी नदी का रौद्र रूप है। सैकड़ों दुकानें बाढ़ की जद में आ चुकी है. लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। प्रशासन व्यवस्था बनाने में जुटा है लेकिन हालात बेहद खराब हैं। चित्रकूट का संपर्क चारों तरफ से कटा। शुक्रवार रात से लगातार बारिश का दौर जारी है। इस कारण शहर से लेकर गांवों तक पानी ही पानी है। सतना शहर के प्रेम नगर, अंडरब्रिज, भरहुत नगर, धवारी मुख्तियारगंज सहित अन्य इलाकों में पानी भर गया है।

# नेपाल में हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में 898 कर्मचारी फंसे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू**

नेपाल में बाढ़ के बाद हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। करीब 898 कर्मचारी अब भी फंसे हैं, जबकि 361 कर्मचारियों को अब तक बचाया जा चुका है। त्रिशूली-3 ए हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में कुछ कामयाबी मिली है। बचावकर्मी मशीनों की मदद से मिट्टी और गाद हटा रहे हैं। सुरंग में 6 इंच का छेद कर पाइप के जरिए हवा पहुंचाई जा रही है। अब इसे बड़ा कर मैनहोल बनाने की तैयारी है, ताकि बचाव दल सुरंग के अंदर जाकर लोगों की तलाश कर सके। 26 अगस्त को नेपाल की भोटेकोशी और त्रिशुली नदी में अचानक बाढ़ आ गई थी। इस आपदा में नेपाल में अब तक 675 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में कहा

# भारत के डीएनए में एकता-विविधता

## हम अलग होकर भी एकदूसरे से जुड़े, गलत सोच इंसान को जानवरों के करीब ले जाती है

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ न्यूयॉर्क**

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में शनिवार रात करीब 42 मिनट स्पीच दी। उन्होंने कहा कि एकता और विविधता भारत के डीएनए में है। लोग अलग दिखते हैं, उनके रहने के तरीके हैं, लेकिन सभी के बीच एक जन्मजात जुड़ाव है।

भागवत ने कहा- विविधता में एकता भारत की पारंपरिक सोच है और देश समय-समय पर पूरी दुनिया को इसका एहसास कराता रहा है। उन्होंने आगे कहा- सोचने की क्षमता इंसान के लिए एक वरदान है। सही सोच इंसान को भगवान के करीब ले जाती है, जबकि गलत सोच उसे जानवरों के करीब ले जाती है। न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर गार्डन में आयोजित यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन कार्यक्रम में 5,000 से ज्यादा भारतीय मूल के अमेरिकी शामिल हुए। इसका आयोजन अमेरिकन हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग ने किया। कार्यक्रम में 30 देशों के 180 धार्मिक नेता पहुंचे थे।

1. **धर्म सिर्फ पूजा नहीं, जीवन को संतुलित रखने का नियमः** भागवत ने कहा कि भारत में जिस सिद्धांत को धर्म कहा जाता है, उसे सिर्फ धर्म या पूजा के तौर पर नहीं समझना चाहिए। धर्म वह व्यवस्था है जो ब्रह्मांड और जीवन को संभालती है। यह जीवन की अलग-अलग स्थितियों के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद करती है।
2. **सिर्फ भौतिक सुख से जिंदगी में संतुष्टि नहीं मिलतीः** भागवत ने कहा कि पैसा, सामान और दूसरी भौतिक सुविधाएं हमेशा खुशी नहीं दे सकतीं। भौतिक सुख अस्थायी होता है और बहुत ज्यादा सुविधाएं होने के बावजूद संतुष्टि की कमी रह सकती है।
3. **अमेरिका कर्मभूमि है, उसके प्रति सच्चे रहेंः** अमेरिका में रहने वाले भारतीयों से भागवत ने कहा कि आपकी पहली जिम्मेदारी अपनी कर्मभूमि के प्रति है, उसके प्रति वफादार रहना चाहिए।
4. **जीवन में सीधे संन्यास नहीं, हर पड़ाव की अपनी जिम्मेदारीः** भागवत ने कहा कि इंसान के जीवन में चार चरण होते हैं- ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास। पहले सीखना, फिर परिवार और समाज को संभालना और बाद में अपने अनुभव अगली पीढ़ी को देना जरूरी है।
5. **व्यक्ति, समाज और पर्यावरण साथ आगे बढ़ेंः** भागवत ने कहा कि प्रगति के लिए न व्यक्ति को दबाना चाहिए और न समाज को। व्यक्ति, समाज और पर्यावरण की भलाई साथ-साथ होनी चाहिए।



## खबर एक नजर...

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ औदीच्य ब्राह्मण समाज ने किया श्रावणी उपाकर्म

**उज्जैन।** श्री सहस्त्र औदीच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला ट्रस्ट, शांतिनाथ गली की ओर से रक्षाबंधन पर्व पर क्षिप्रा तट स्थित श्री अगस्तेश्वर महादेव और रामघाट पर श्रावणी उपाकर्म संपन्न हुआ। समाजजनों ने वैदिक विधान से पूजन कर अपनी ऋषि परंपरा का स्मरण किया। साथ ही श्रावणी उपाकर्म के माध्यम से सनातन वैदिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। ट्रस्ट सचिव रूपेश मेहता ने बताया कि समाज गौर ब्रह्मऋषि जय गुरुजी और नितेश प्रदीप मेहता के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दशविधि स्नान, देव-ऋषि, पितृ तर्पण तथा सप्तऋषि पूजन किया गया। पूजन पश्चात उपस्थित समाजजनों ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। आयोजन में ट्रस्ट अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, ट्रस्टी राजेश शर्मा, समाज के वरिष्ठ सदस्य ललित मेहता, राजेश मेहता, दिनेश शर्मा, दीप मेहता, पवन मेहता, आदित्य शास्त्री, अश्विन मेहता, किशन पांडे, अमन शर्मा, स्वास्तिक शर्मा, सौम्य शर्मा, आयुष शर्मा, अक्षय, रामरतन शर्मा, आशीष शर्मा, अशोक जोशी और हर्ष शर्मा सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे।

### नमक मंडी में नौ दिन तक चला आराधना का दौर

**उज्जैन।** त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ उज्जैन के तत्वावधान में श्री राजेंद्र सूरी जैन ज्ञानमंदिर नमक मंडी में चल रही नौ दिवसीय नवकार मंत्र आराधना शुक्रवार 28 अगस्त को पूर्ण हुई। इस दौरान 66 आराधकों ने सामूहिक रूप से तेरह लाख नवकार महामंत्र का जाप किया। यह आराधना गच्छाधिपति आचार्य श्रीमद विजय नित्यसेन सूरीश्वर जी की प्रेरणा और गुरुवर्या साध्वी श्री अनंतदृष्टा श्रीजी व साध्वी श्री मयूरकला श्रीजी की सुशिष्या साध्वी श्री रिद्धि निधि श्रीजी आदि ठाना 6 की निश्रा में 20 से 28 अगस्त तक आयोजित की गई। आराधकों ने एकासना व्रत के साथ सफेद वस्त्र पहनकर प्रतिदिन तीन-तीन सामायिक, देव वंदन, चैत्यवंदन, गुरु वंदन, पूजन और प्रतिक्रमण सहित अन्य धार्मिक क्रियाएं कीं। नवकार आराधक नरेंद्र तल्लेरा ने प्रतिदिन विधिवत धर्म आराधना करवाई। आराधना के शुभारंभ पर पंच परमेष्ठी नवकार महामंत्र और दादा गुरुदेव राजेंद्र सूरीश्वर जी के चांदी के पट्ट, पुण्य सम्राट जयंतसेन सूरीश्वर जी की प्रतिमा तथा चांदी के नारियल की स्थापना कर नौ दिवसीय अखंड ज्योत जलाई गई। आराधकों ने प्रतिदिन प्रभु का स्नात्र, केसर पूजन और अष्टप्रकारी पूजा कर अखंड ज्योत के समक्ष नवकार महामंत्र की 20 माला का जाप किया।

### 31 अगस्त से होगी श्री राम विवाह कथा, 2 सितंबर को निकलेगी राजसी सवारी

**उज्जैन।** मित्रता के साक्षी श्री कृष्ण-सुदामा धाम नारायणा में जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां प्रशासन और मंदिर समिति ने शुरू कर दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की धाम के प्रति विशेष आस्था है और वे प्रतिवर्ष आयोजन में शामिल होते हैं। मुख्यमंत्री के संभावित आगमन और दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासक अजय हिंगे, महिदपुर एसडीएम और मंदिर समिति के सदस्यों की लगातार बैठकें हो रही हैं। डॉ. दुर्गा शंकर पांचाल बांदका ने बताया कि श्रावण पूर्णिमा से शुरू होने वाले इस महोत्सव का समापन जन्माष्टमी की मध्यरात्रि 12 बजे महाआरती और महाप्रसादी वितरण के साथ होगा। आयोजन के दौरान संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिदिन रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। महोत्सव के तहत 31 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक अयोध्या वासी संत मीरा दीदी के मुखारविंद से श्री राम विवाह महोत्सव कथा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 2 सितंबर को दोपहर 4 बजे मंदिर से राजसी सवारी निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण कर पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न होगी।

शुक्रवार 28 अगस्त को धाम में भव्य ध्वज उत्सव मनाया गया। ध्वज उत्सव के लाभार्थी ईश्वर चौधरी गुराडिया सांगा रहे। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### मल्लखंब फेडरेशन की एडहॉक कमेटी पुनर्गठित, पुरानी कमेटी भंग

**उज्जैन।** खेल मंत्रालय ने मल्लखंब फेडरेशन ऑफ इंडिया की पुरानी एडहॉक कमेटी को भंग कर इसका पुनर्गठन किया है। मंत्रालय के अंडर सेक्रेटरी द्वारा 27 अगस्त 2026 को जारी आदेश के अनुसार, नई दो सदस्यीय कमेटी में भारतीय खेल प्राधिकरण की डिप्टी डायरेक्टर जनरल मंजूश्री दयानंद और ओलंपियन एमएम सोमय्या को शामिल किया गया है। इस कमेटी को तीन माह के भीतर फेडरेशन का नया संविधान बनाकर चुनाव कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पूर्व में 5 फरवरी 2026 को खेल मंत्रालय ने द्रोणाचार्य अवॉर्डी योगेश मालवीय और रिटायर्ड अधिकारी सत्यजीत संक्रित की दो सदस्यीय एडहॉक कमेटी बनाई थी। बताया जा रहा है कि इस कमेटी ने चुनाव कराने की दिशा में कोई सक्रिय कदम नहीं उठाया। इसके अलावा देश भर के मल्लखंब पदाधिकारियों ने खेल मंत्रालय से शिकायत की थी कि योगेश मालवीय भेदभावपूर्ण तरीके से फेडरेशन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उन पर नॉर्थ-ईस्ट के कुछ राज्यों से रुपए लेकर मान्यता देने के भी गंभीर आरोप लगे थे।

# सुपरवाइजर का पद डाइंग कैडर घोषित होने से पदोन्नति अटकी

## न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ ने मुख्यमंत्री के निज सचिव को सौंपा ज्ञापन, एएनएम को वरिष्ठता के आधार पर एलएचवी बनाने की मांग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासन द्वारा कर्मचारियों को पदोन्नति देने के निर्णय के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के पुरुष बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता इस लाभ से वंचित हैं। सुपरवाइजर का पद डाइंग कैडर घोषित होने और एएनएम की पदोन्नति के लिए परीक्षा अनिवार्य करने के विरोध में न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।



संघ की ओर से मुख्यमंत्री के निज सचिव मयूर शाह को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें मांग की गई है कि पुरुष बहुउद्देशीय स्वास्थ्य सुपरवाइजर का पद पुनः बहाल कर कार्यकताओं को इसी पद पर या अन्य विभाग में संविलियन कर समान कैडर में पदोन्नति दी जाए। संघ ने सुझाव दिया है कि स्वास्थ्य कार्यकताओं को मलेरिया विभाग में जूनियर मलेरिया इंस्पेक्टर के पद पर भी पदोन्नत किया जा सकता है। इसके अलावा एएनएम को कायार्नुभव और वरिष्ठता के आधार पर एलएचवी के पद पर पदोन्नत कर एएनएम पद को नर्सिंग कैडर में शामिल किया जाए।

संघ के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश अहिरवार ने बताया कि सुपरवाइजर का पद डाइंग कैडर होने से कार्यकताओं का प्रमोशन हमेशा के लिए समाप्त हो गया है, वहीं परीक्षा के कारण एएनएम का प्रमोशन भी रुक गया है। स्वास्थ्य कार्यकर्ता 30 वर्षों से अधिक समय से एक ही पद पर सेवाएं दे रहे हैं और कई कर्मचारी बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो गए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला संयोजक अजय परमार, जिला मीडिया प्रभारी विजय परमार, जिला प्रवक्ता संजय पुरैया, प्रांतीय संगठन मंत्री राजेंद्र अहिरवार, महिदपुर ब्लॉक संयोजक दीपा शेखावत, बड़नगर ब्लॉक अध्यक्ष महेश धनेलिया और सुरेश खत्री सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### गुरु माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के एक सौ वर्ष पूरे

बड़नगर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज तीर्थ हरिद्वार के मार्गदर्शन में अखंड दीप शताब्दी वर्ष एवं वंदनिया गुरु माता भगवती देवी शर्मा के जन्म के एक सौ वर्ष 2026 में पूरे होने पर विभिन्न प्रकल्पों में कई कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं जिसमें पांच/नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ, प्रज्ञा मंडलों का गठन नवरात्रि/मंत्र लेखन साधना, शांति कुंज में नियमित चलने वाले साधना प्रशिक्षण सत्र में भागीदारी महिला जागृति अभियान, आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी, चर्चा के लिए गायत्री शक्ति पीठ उज्जैन से जिला समन्वयक सदस्यों की टोली द्वारा मार्ग दर्शन दिया गया।

# वसंत विहार में 14 से मनेगा 23वां गणेशोत्सव, आमंत्रण पत्र का विमोचन

## 11 दिवसीय महोत्सव में होंगी कई खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, मेधावी विद्यार्थियों और बुजुर्गों का होगा सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में आगामी 14 से 24 सितंबर तक श्रीराम मंदिर प्रांगण में 23वां भव्य गणेशोत्सव मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर शनिवार शाम श्रीराम मंदिर में पर्यावरण अनुकूल थीम पर तैयार आमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया।




मंच के सहसचिव नरेंद्र कुमार चौरसिया ने बताया कि कार्ड का सनातन संस्कृति अनुसार विधि-विधान से पूजन पंडित शिव शंकर चतुर्वेदी ने किया। इसके बाद पहली प्रति भगवान राम के चरणों में अर्पित कर वरिष्ठ सदस्यों ने औपचारिक अनावरण किया। अध्यक्ष राजेंद्र परब ने कहा कि गणेशोत्सव समाज को एकजुट करने और सामाजिक धरोहर को सहेजने का महापर्व है। इस वर्ष का निमंत्रण कार्ड हमारी परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम है।

11 दिवसीय आयोजन में मंगलमूर्ति गणपति चल समारोह, गणपति स्थापना, भव्य आरती, भजन संध्या, ऑर्केस्ट्रा और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सहित कई कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा फैंसी ड्रेस, डांस, कैरम, शतरंज, चेयर रेस, चम्मच रेस, चित्रकला, हाउजी, रंगोली, सुगम संगीत व संगीत निशा जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। अंतिम दिन आरती के साथ विसर्जन समारोह होगा। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को महेंद्र समदानी द्वारा अपने पिता स्व. किशनलाल समदानी की स्मृति में पुरस्कार दिए जाएंगे। संगीत निशा कार्यक्रम अनिल रावेरकर और भजन संध्या एनके गर्ग के सौजन्य से संपन्न होगी। महोत्सव में 2025-26 की 10वीं और 12वीं परीक्षा में 85 प्रतिशत या अधिक अंक लाने वाले मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान किया जाएगा। वहीं, 10वीं और 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को स्व. एमएल कुंभकार की स्मृति में कुंभकार परिवार और स्व. कमल दत्तात्रय अंधारे की स्मृति में अंधारे परिवार द्वारा विशेष प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों और उच्च पदों पर पदस्थ महिलाओं-पुरुषों का दुपट्टा व माला पहनाकर सम्मान किया जाएगा।

कार्ड विमोचन कार्यक्रम में मातृशक्ति और बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर जीके जायसवाल, देवेंद्र राय, रमेश कुमावत, जेएस पांडेय, हरीश घाडगे, लक्ष्मीकांत मिठ्ठनखेड़ी, लोकेंद्र सिंह बैस, मुकेश कुंभकार, डॉ. महेश शर्मा, दिलीप सिंह देवड़ा, अनिल रावेरकर, दिनेश जैन, संग्राम सिंह चौहान, प्रकाश शाह, विजय गोठवाल और जेपी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बढ़ते अपराधों पर युवा कांग्रेस का अल्टीमेटम 15 दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो उज्जैन बंद की चेतावनी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर में लगातार बढ़ रही गुंडागर्दी और हाल ही में हुई पांच जघन्य हत्याओं के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपा। युवा कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है कि यदि शहर की कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन कर पूरा उज्जैन शहर बंद कराया जाएगा। इसी बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका जुलूस भी निकाला है।

जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई है कि शहर के विभिन्न मार्गों पर तत्काल चेकिंग पोस्ट लगाए जाएं। चेकिंग के दौरान चाकू और अन्य हथियारों के साथ पकड़े जाने वाले अपराधियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही शहर में रात्रि गश्त बढ़ाई जाए ताकि आम जनता में व्याप्त भय का माहौल खत्म हो सके। ज्ञापन में बताया गया कि बीते कुछ समय में आपसी विवाद के चलते पांच हत्याएं हो चुकी हैं, जिससे परिवारों का रात के समय घर से निकलना मुश्किल हो गया है। धार्मिक नगरी होने के कारण इन घटनाओं से बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के बीच भी शहर की छवि खराब हो रही है। अर्पित यादव ने कहा कि महाकाल की नगरी में गुंडागर्दी अपने चरम पर पहुंच चुकी है और पुलिस प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रहा है। यदि इन 15 दिनों में पुलिस शहर में अमन-चैन और शांति स्थापित करने में विफल रहती है, तो युवा कांग्रेस पूरे उज्जैन को बंद कर उग्र आंदोलन करेगी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया है कि आगामी 15 दिनों में शहर की कानून व्यवस्था को सुचारू और पूरी तरह से व्यवस्थित कर दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान वरिष्ठ नेता देवव्रत यादव, ब्लॉक अध्यक्ष चन्द्रभान सिंह चंदेल, बबलू खिंची, हेमांशु शुक्ल, धर्मेन्द्र ठाकुर, रोबिन चोपड़ा, अमित शर्मा, यश जैन, मुकेश यादव, दीपेश जैन, कुलदीप, संदीप पवार, सुभाष शर्मा, निखिल गोठवाल, अश्विन मावरी और मयूर तिनखेड़े सहित कई युवा कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 30 दिवसीय फिटनेस कोर्स का समापन, विजेता हुए पुरस्कृत

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर छात्राओं और स्टाफ के लिए हुआ तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाई गई। इसके साथ ही 30 दिवसीय फिजिकल फिटनेस एंड वेलनेस एड ऑन कोर्स का समापन भी हुआ। इस मौके पर शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा छात्राओं और स्टाफ के लिए आयोजित तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मेडल, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।



कार्यक्रम प्रभारी प्राचार्य डॉ. महेंद्र जैन के मार्गदर्शन में हुआ। मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने जीवन में खेल के महत्व पर प्रकाश डाला और विजेताओं को पुरस्कृत किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. कविता जैन ने खेल दिवस पर विचार रखे। क्रीड़ा अधिकारी घनेंद्र चौधरी ने 27 जुलाई से 27 अगस्त तक चले एड ऑन कोर्स का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्रा भूमिका पाटीदार ने कोर्स के अपने अनुभव साझा किए तथा शिफा अंसारी ने मेजर ध्यानचंद की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। छात्राओं की खेल प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़ में राधा प्रथम, उर्वशी द्वितीय और साक्षी तृतीय रहीं। कबड्डी में टीम राधा विजेता और टीम भूमिका उपविजेता रही। गोला फेंक में अनिता पड़ियार प्रथम, नूतन द्वितीय और राधा तृतीय रहीं। प्लैंक होल्ड चैलेंज में उर्वशी राठौर ने पहला, साक्षी ने दूसरा और प्रियांशी ने तीसरा स्थान हासिल किया। स्टाफ के लिए आयोजित कैरम प्रतियोगिता में डॉ. अरविंद शर्मा प्रथम और देवेंद्र बैरागी द्वितीय रहे। बैडमिंटन में रूपाली झीनीवाल और जितेंद्र खेमादा प्रथम तथा डॉ. एकता दुबे और नादिर हुसैन द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्रा प्रियांशी चौहान और नूपुर जोशी ने किया तथा आभार क्रीड़ा अधिकारी घनेंद्र चौधरी ने माना।

### लगातार दूसरे वर्ष मिली सफलता, छह में से पांच कैटेगरी में उज्जैन रहा अव्वल

**उज्जैन।** शहर के प्रतिभावान खिलाड़ियों ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्जैन का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से छह में से पांच कैटेगरी में स्वर्ण और एक कैटेगरी में रजत पदक हासिल कर शहर का मान बढ़ाया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वनाधि चौधरी, अद्विका सिंह, आशी यादव, अर्पण, आदर्श, लविन, नित्या, मनस्वी, अनुजा, वर्णिका, जयादित्य, शिवांश, तनिष्क, पार्थ, हर्ष और आराध्य ने उज्जैन के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### सड़कों पर उतरी 'महंगाई डायन', कांग्रेस ने गोपाल मंदिर क्षेत्र में बांटी एक चुटकी शक्कर

**उज्जैन।** त्यौहारों के मौसम में शक्कर और खाद्य तेल की बढ़ती कीमतों के विरोध में महाराजवाड़ा कार्तिक चौक ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अनूठा प्रदर्शन किया। शहर अध्यक्ष मुकेश भाटी और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संचित शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने 'महंगाई डायन' के जरिए सड़कों पर उतरकर भाजपा सरकार की आम जनता के प्रति उदासीनता को उजागर किया। पार्षद अर्पित दुबे ने बताया कि गोपाल मंदिर क्षेत्र में जनता को एक-एक चुटकी शक्कर बांटकर सरकार के नकारापन और महंगाई के प्रति विरोध दर्ज कराया गया। इस प्रतीकात्मक प्रदर्शन के माध्यम से कांग्रेस ने आमजन की परेशानियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में मनीष शर्मा, रवि राय, यशवंत व्यास, छोटेलाल मंडलोई, फूलचंद जरिया, जीवन सिंह पटेल, अजय राठौर, चंदू यादव, मुजीब सुपारी, वासुदेव रावल, मोहन नागर, अनवर नागौरी, शाहिद सिद्दीकी, रफीक भाई, कृष्णा यादव, रवि त्रिवेदी, अर्पण राठौर, दानिश राठी, आदित्य नामदेव, राजा ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष रहीम लाला, बबलू खींची, आनंद मीणा और अभिषेक लाला सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाया उत्साह

# कन्या महाविद्यालय में मना राष्ट्रीय खेल दिवस, रस्सी कूद में सोनी तो दौड़ में सुमन रहीं प्रथम

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मेजर ध्यानचंद की जयंती पर राष्ट्रीय खेल दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को स्मृति चिह्न और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महाविद्यालय में छात्राओं के लिए रस्सी कूद, फॉरवर्ड-बैकवर्ड रेस और प्रश्न मंच प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। रस्सी कूद में सोनी मालवीय ने पहला, किरण पटेल ने दूसरा और ऋषिका राठौर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फॉरवर्ड-बैकवर्ड रेस में सुमन मालवीय प्रथम, सोनी मालवीय द्वितीय और निशा मकवाना तृतीय रहीं। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में किरण पटेल ने बाजी मारते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि निशा मकवाना दूसरे और ऋषिका राठौर तीसरे स्थान पर रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने छात्राओं को ध्यानचंद की उपलब्धियों से प्रेरणा लेने और खेलों को स्वस्थ जीवनशैली के लिए अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. रंजना शर्मा ने छात्राओं को खेल दिवस का महत्व बताया।

यह संपूर्ण आयोजन क्रीड़ा अधिकारी डॉ. संगीता कार्लेकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ आयोजन

# माधव विज्ञान महाविद्यालय के विद्यार्थियों को दिया ऑनलाइन संदेश

### अतिथियों ने बताई मेजर ध्यानचंद के खेल की खूबियां और खेलों की महत्ता

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर मेजर ध्यानचंद के पुत्र अशोक ध्यानचंद ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑनलाइन जुड़कर प्रेरक संदेश दिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अग्रणी शासकीय कालिदास कन्या महाविद्यालय के डॉ. महेंद्र जैन उपस्थित थे। आयोजन की अध्यक्षता माधव विज्ञान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरीश व्यास ने की। मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र जैन ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीवन में खेलों की महत्ता को समझाया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. हरीश व्यास ने मेजर ध्यानचंद की खेल प्रतिभा और उनकी खूबियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

भगवान महाकाल से मिलने पहुँचे जाहरवीर गोगादेवजी

# महाराज गोगादेवजी के निशान की विशाल शोभा यात्रा श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पर मेले के रूप में परिवर्तित हुई

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम, उज्जैन में प्रतिवर्षानुसार 29 वॉ भुजरिया पर्व 29 अगस्त, 2026 शनिवार को मनाया गया। भगवान जाहरवीर गोगादेवजी की छड़ियों (निशान) का दो दिवसीय मेला का शुभारम्भ हुआ। देश भर से गोगादेवजी की छड़ियों वाल्मीकि धाम पहुँची।



शाम को राज्य सभा सांसद श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पीठाधीश्वर, राष्ट्रीय संत बालयोगी उमेशनाथ जी महाराज समाधि वाले बाबा धुने वाले बाबा का पुजन कर जाहरवीर गोगादेव जी का चित्र और रोट प्रसाद लेकर कारकेट के साथ भगवान महाकाल के मंदिर पहुँचे वहाँ भगवान महाकाल व गोगादेवजी का मिलन कराया गया। सभी निशान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए। सभी छड़ियों का पूजन-अर्चन किया गया। म.प्र. शासन के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी, प्रातः श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पहुँचकर जाहरवीर गोगादेव जी के छड़ी निशान का पूजन अर्जन किया एवं शाम को शोभा यात्रा का शुभारम्भ महाकालेश्वर मंदिर प्रांगण से उज्जैन जिले के प्रभारी केबिनेट मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायकगण अनिल जैन कालुहेड़ा, डॉ. चिंतामण मालवीय, सतीश मालवीय, डॉ. तेज बहादुरसिंह चौहान. जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या, महापौर मुकेश टटवाल, नगर पालिका निगम सभापति श्रीमति कलावती यादव, सिंहस्थ मेला प्राधिकरण अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, विकास प्राधिकरण अध्यक्ष रवि सोलंकी, मध्यप्रदेश गृह निर्माण विभाग अध्यक्ष ओम जी जैन, अनुसूचित जाति आयोग सदस्य रामलाल मालवीय, सोनू गेहलोत, प्रदीप पाण्डे, राजेन्द्र भारती, पीर महंत रामनाथ महाराज, अनंत विभूषित रंगनाथाचार्य महाराज, स्वामी आनंद जीवनदास महाराज, महामण्डलेश्वर क्षेत्रानंद महाराज, महामण्डलेश्वर स्वामी शांतिस्वरूपानंद महाराज, महंत रामेश्वरदास महाराज, प्रणयवपुरी जी महाराज, महंत विनीत गिरी महाराज, महंत श्यामागिरी महाराज (राधे-राधे बाबा), शुलभ शांतु गुरू जी. महामण्डलेश्वर सुमनानंदजी गिरी महाराज, साध्वी सुगना बाई सा. महंत मुनीशरण महाराज, सोनू गेहलोत, प्रदीप पाण्डे, राजेन्द्र भारती, रविराय, हरिसिहं यादव, पार्षदगण व शहर के गणमान्य प्रबुद्ध जन द्वारा किया गया। तत्पश्चात जाहरवीर गोगादेव जी के निशान की विशाल शोभा यात्रा बैंड बाजे, ढ़ोल ढमाकों के साथ महाकालेश्वर मंदिर, उज्जैन से सायं 07:00 बजे प्रारम्भ हुई। विशाल चल समारोह शहर के प्रमुख मार्गो-महाकालेश्वर मंदिर से प्रारम्भ होकर पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, ढ़ाबा रोड़, दानी गेट, अनंत पेठ, जूना सोमारिया, गोंसा दरवाजा वाल्मीकि चौराहा, बड़नगर रिंग रोड़ होते हुवे श्री क्षेत्र वाल्मीकि धाम पहुँची।

# विक्रमादित्य सहकारी बैंक चुनाव के लिए आज होगा मतदान

### उम्मीदवार रवि प्रकाश बंसल ने निकाली जनसंपर्क रैली

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट स्थित शहर की प्रतिष्ठित विक्रमादित्य नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित के चुनाव 30 अगस्त को होने जा रहे हैं। मतदान से एक दिन पूर्व चुनाव प्रचार ने जोर पकड़ लिया है। इसी कड़ी में शनिवार को उम्मीदवार रवि प्रकाश बंसल ने विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट में अपने समर्थकों के साथ विशाल जनसंपर्क रैली निकाली।

रैली के दौरान उम्मीदवार रवि प्रकाश बंसल ने क्लॉथ मार्केट के व्यापारियों से आत्मीय भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और अपने चुनाव चिह्न 'झोपड़ी' पर मतदान करने की अपील की। जनसंपर्क में उन्हें व्यापारियों का भरपूर समर्थन और स्नेह मिला। बाजार में जगह-जगह व्यापारियों ने रवि प्रकाश बंसल का पुष्पमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया और जीत का आशीर्वाद दिया। विशाल रैली में शहर के व्यापारियों का विशेष सहयोग रहा। जनसंपर्क के दौरान वासुदेव केसवानी, दीपक राजवानी, मंडी के वरिष्ठ व्यापारी संतोष गादिया, दिलीप गुप्ता, नितिन शाह, व्यापारी संघ अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव हजारी लाल मालवीय, सह सचिव राजन राठौड़, संतोष गर्ग, अनिल शेखावत, राजेश बंसल, संजय जैन खलीवाला, पंकज खंडेलवाल, धर्मेंद्र गुप्ता, अनिल गुप्ता, दिनेश भायल, विजय मित्तल (सिद्धू भैया), संतोष अग्रवाल, प्रदीप मित्तल, भगवान दास एरण, सलभद्र जैन, अजीत मंगलम, दिलीप कृपलानी, प्रफुल्ल गादिया, अजीत गादिया, प्रमोद जैन, राकेश बोहरा, सोनू पोरवाल, तनय अग्रवाल, मानव गर्ग, आयुष गर्ग और गौरव बंसल सहित बड़ी संख्या में समर्थक और व्यापारी मौजूद रहे।

उज्जैन
रविवार
30
अगस्त, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

ऋणं याञ्च्या च वृद्धत्वं जारचोर दरिद्रता।
रोगाश्च भुक्तशेषश्चाप्यष्ट कष्टाः प्रकीर्तिताः।।

**अर्थः** कर्ज, भीख मांगना, बुढ़ापा, विवाहित स्त्री के प्रेम में पड़ना, चोर होना, दरिद्र होना, बीमार होना और बचे हुए भोजन की आवश्यकता इन आठ स्थितियों को बहुत कष्टदायक कहा गया है।

## खबर एक नजर...

### सीरिया की डॉक्टर से सोशल पर दोस्ती पड़ी भारी

**इंदौर।** सोशल मीडिया पर सीरिया की एक डॉक्टर से दोस्ती करना रिटायर्ड प्रिंसिपल को भारी पड़ गया। महिला ने युद्ध की बात कहते हुए इंडिया आने की बात कही और दिल्ली में कस्टम द्वारा रोके जाने का जाल बिछाकर उनसे लाखों रुपए ठग लिए। शिकायत पर आजाद नगर पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज किया। अब पुलिस बैंक खातों और मोबाइल नंबर की डिटेल निकाल रही है। आजाद नगर टीआई लोकेश भदौरिया के मुताबिक शनिवार को शाहिन नगर में रहने वाले डॉ.अयाज कुरैशी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। वे एक रिटायर्ड प्रिंसिपल है। जिनके साथ 6 लाख 11 हजार रुपए की ठगी हुई है। टीआई के मुताबिक डॉ.अयाज कुरैशी की 1 मई 2026 को फेसबुक पर सीरिया की डॉ.आयशा खान से दोस्ती हुई। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती के बाद उनके बीच बातचीत होती रही। महिला ने बताया कि वह सिरिया में रहती है और डॉक्टर है। आयशा ने सिरिया में युद्ध होने और इंडिया शिफ्ट होने की बात कहीं। कुछ दिनों उसने बताया कि वह दिल्ली आ गई है, लेकिन मेडिकल इक्यूपमेंट्स व अन्य सामान कस्टम ने पकड़ लिया है। सोशल मीडिया पर दोस्ती करने के बाद इस तरह महिला ने ठगी का जाल बिछाया और फरियादी को उस जाल में फंसाया। इस बीच बदमाशों ने फरियादी से कस्टम अधिकारी और आरबीआई अधिकारी बनकर बात की और महिला का सामान जब्त होने की कहानी बताई।

### सीएम यादव और सांसद लालवानी के बीच हुई बातचीत

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद शंकर लालवानी की शनिवार को इंदौर एयरपोर्ट पर करीब 10-15 मिनट तक अकेले में मुलाकात हुई। इस मुलाकात के बाद शहर के राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। मुख्यमंत्री उज्जैन से इंदौर पहुंचे थे। इसके बाद उन्हें महाराष्ट्र के गोंदिया के लिए रवाना होना था। इसी दौरान एयरपोर्ट पर उनकी सांसद शंकर लालवानी से बातचीत हुई। खास बात यह रही कि उस समय एयरपोर्ट पर इंदौर से जुड़ा कोई अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद नहीं था। ऐसे में दोनों नेताओं की इस मुलाकात को लेकर भाजपा के राजनीतिक हलकों में तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री और सांसद की मुलाकात को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा इस बात की है कि यह पहले से तय थी या एयरपोर्ट पहुंचने के बाद अचानक हुई। हालांकि, मुलाकात को लेकर अभी तक आधिकारिक तौर पर विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक, बातचीत में इंदौर के विकास कार्यों और शहर की जरूरतों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। सांसद शंकर लालवानी ने मुख्यमंत्री को शहर के विभिन्न विषयों और विकास परियोजनाओं को लेकर फीडबैक दिया। इंदौर एयरपोर्ट का विस्तार और शहर की एयर कनेक्टिविटी सांसद के प्रमुख मुद्दों में रहे हैं। हाल के दिनों में एयरपोर्ट विस्तार के लिए अतिरिक्त जमीन और भविष्य की जरूरतों को लेकर भी गतिविधियां तेज हुई हैं। ऐसे में एयरपोर्ट परिसर में दोनों नेताओं की बातचीत को इस दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### 70 करोड़ की एमडी ड्रग्स मामले में आरोपी गिरफ्तार

**इंदौर।** साल 2021 के बहुचर्चित 70 किलो एमडी ड्रग्स के मामले में फरार आरोपी अकरम (40) पिता असलम खान निवासी महाराष्ट्र को क्राइम ब्रांच ने दबोच लिया। लंबे समय से क्राइम ब्रांच को उसकी तलाश थी। शनिवार को क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा किया। दरअसल, 70 किलो एमडी ड्रग्स की डील और 13 लाख 3 हजार 650 रुपए बरामदगी मामले में टीम लंबे समय से अकरम की तलाश में जुटी थी। अकरम के खिलाफ महाराष्ट्र में गंभीर आपराधिक मामले पहले से दर्ज है। वह स्क्रैप का काम करता है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने 6 जनवरी 2021 को मेफेड्रोन (एम.डी.ड्रग्स) की डील के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इस कार्र?वाई में आरोपियों के कब्जे से कुल 70 किलो एमडी ड्रग्स जिसकी कीमत करीब 70 करोड़ रुपए और 13 लाख 3 हजार 650 रुपए नगदी बरामद की गई थी। मामले में जांच के बाद ओर भी धाराओं का इजाफा किया गया था। दंडोतिया ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम आरोपी की तलाश में थी। मुखबिर से मिली जानकारी पर टीम ने घेराबंदी की और कोर्ट परिसर से अकरम खान को दबोच लिया।

### इंदौर रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस का प्रदर्शन

**इंदौर।** रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने शनिवार को प्रदर्शन किया। इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शैलू सेन, नीतिश भारद्वाज और लवेश यादव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने रेलवे स्टेशन का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान रेलवे अधिकारियों से व्यवस्था को लेकर तीखी नोकझोंक भी हुई। कांग्रेस कार्यकताओं ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक व निदेशक के नाम क्षेत्रीय अधिकारी हरिराम मीणा और स्टेशन अधीक्षक रवि बदवर को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि रेलवे यात्रियों की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर बड़े दावे करता है, लेकिन ट्रेनों के एसी कोच में चूहे, कॉकरोच और खटमलों की समस्या बनी हुई है। नेताओं ने 80 वर्षीय बुजुर्ग यात्री को एसी कोच में सोते समय चूहे द्वारा नाक पर काटे जाने की घटना का हवाला देते हुए रेलवे की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए।

---

इंदौर में ट्रैफिक का मेगा प्लानः चार प्रमुख रास्ते होंगे अतिक्रमण मुक्त, इंटरसिटी बसें शहर से बाहर

# 25 से ज्यादा फ्लाईओवर और 1500 सिटी बसों का लक्ष्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

शहर की सड़कों पर लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने के लिए अब पूरी यातायात व्यवस्था को नए सिरे से तैयार करने की कवायद शुरू हो गई है। शनिवार को रेसीडेंसी कोठी में महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई हाई पावर बैठक में तीन चरणों वाला ट्रैफिक एक्शन प्लान तैयार किया गया।



इसमें तत्काल राहत के लिए लेफ्ट टर्न और बॉटलनेक सुधारने से लेकर अगले तीन साल में फ्लाईओवर, पब्लिक ट्रांसपोर्ट और मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी विकसित करने की योजना है। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एडिशनल पुलिस कमिश्नर आरके सिंह, एआरटीओ राजेश गुप्ता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शहर के 17 प्रमुख चौराहों के लेफ्ट टर्न चौड़े किए जाने के बाद अब अन्य व्यस्त चौराहों पर भी यही काम किया जाएगा। सड़क की ज्योमेट्री के कारण जहां ट्रैफिक रुकता है, वहां डिजाइन में सुधार किया जाएगा।

इसके साथ ही प्रमुख सड़कों से अतिक्रमण हटाने, ऑन-स्ट्रीट पार्किंग पर रोक, आवारा मवेशियों पर कार्रवाई और कमर्शियल वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग के लिए रात का समय तय करने की योजना है। सीसीटीवी आधारित ई-चालान और मोबाइल कोर्ट से कार्रवाई भी बढ़ाई जाएगी।

### 1500 इंटरसिटी बसें शहर से बाहर करने की तैयारी

मीडियम टर्म प्लान में पब्लिक ट्रांसपोर्ट को सबसे बड़ा विस्तार देने की तैयारी है। सिटी बसों की संख्या करीब 350 से बढ़ाकर 1500 करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ शहर के भीतर चलने वाली करीब 1500 इंटरसिटी बसों को शहर की सीमा से बाहर करने के लिए नीति तैयार की जाएगी। गंगवाल, सरवटे, नायता मुंडला और कुमेडी बस टर्मिनलों के बीच 24 घंटे कनेक्टिविटी विकसित करने की योजना है। ट्रैफिक दबाव कम करने के लिए थोक मंडियों और लोडिंग-अनलोडिंग जोन को भी शहर के बाहरी हिस्सों में शिफ्ट करने पर काम होगा।

### 25 से ज्यादा फ्लाईओवर, बदलेगी बाजार-ऑफिस की टाइमिंग

शहर में वाहनों की औसत गति 16-17 किमी प्रति घंटे के आसपास बताई गई। इसे बढ़ाने के लिए प्रमुख व्यस्त क्षेत्रों में 25 से ज्यादा फ्लाईओवर बनाने की योजना पर काम होगा। पीक ऑवर्स में ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए ऑफिस और बाजारों के खुलने-बंद होने के समय में बदलाव का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है।

### 3 साल बाद मेट्रो-बस-रेल का एक नेटवर्क

लॉन्ग टर्म प्लान में अलग ट्रैफिक इंजीनियरिंग सेल बनाने का प्रस्ताव है। ट्रैफिक पुलिस की संख्या मौजूदा करीब 1200 से बढ़ाकर 2500-3000 करने का लक्ष्य रखा गया है। भविष्य में मेट्रो, सिटी बस और सब-अर्बन रेल को एक नेटवर्क से जोड़ने पर जोर रहेगा। इसके अलावा साइकिल ट्रैक और पैदल यात्रियों के लिए विशेष स्ट्रीट विकसित करने की योजना है।

---

12 सितंबर को नेहरू स्टेडियम में कार्यक्रम, तैयारियों को लेकर इंदौर में कांग्रेस नेताओं की बैठक

# 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होंगे राहुल गांधी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश कांग्रेस छात्रों के बीच अपनी सियासी पहुंच मजबूत करने की तैयारी में जुटी है। पार्टी बड़े स्तर पर ह्यछात्रों की गूंजह्न कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 12 सितंबर को कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के शामिल होंगे। हालांकि, उनके दौरे, कार्यक्रम की तारीख और स्थल को लेकर अंतिम फैसला अभी होना बाकी है।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निवास पर बैठक हुई। इसमें केबी बायजु, सतनारायण पटेल, शोभा ओझा, विपिन वानखेड़े, चिंटू चौकसे, सदाशिव यादव, संजय कामले, रीना बोरासी सहित अन्य नेता और पदाधिकारी शामिल हुए।



**इंदौर में बैठक-** कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर इंदौर में बैठक हुई।

**कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर** इंदौर में बैठक हुई। इसमें स्थानीय कांग्रेस नेताओं और पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा, आयोजन स्थल और छात्रों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की जा रही है। 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के लिए प्रदेश के दो शहरों इंदौर और जबलपुर के नाम सामने आए थे। इसके लिए इंदौर को चुना गया है, क्योंकि इंदौर प्रदेश का प्रमुख एजुकेशन हब है। शहर में बड़ी संख्या में कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं, जिससे कार्यक्रम में बड़ी छात्र भागीदारी जुटाने की संभावना है।

**कार्यक्रम के जरिए उठाएंगे छात्रों के मुद्दे-** कांग्रेस की योजना इस कार्यक्रम के जरिए छात्रों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की है। साथ ही युवाओं के बीच पार्टी का संदेश पहुंचाने पर भी फोकस रहेगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की एआईसीसी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम को लेकर प्रारंभिक चर्चा हो चुकी है। अब इंदौर में चल रही बैठकों के बाद आयोजन की तस्वीर और स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक छात्रों के जुटने की संभावना

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी 12 सितंबर को मध्य प्रदेश के छात्रों और युवाओं से मिलने के लिए इंदौर आ रहे हैं। यहां भी वे छात्रों की समस्याओं को सुनेंगे और उनकी चिंताओं को समझेंगे। हमने नेहरू स्टेडियम को चिन्हित किया है और नगर निगम कमिश्नर महोदय को अनुमति के लिए आवेदन दिया है। इस कार्यक्रम में 50,000 से अधिक छात्रों और युवाओं के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम की पूरी रूपरेखा दिल्ली से तय होकर आएगी।

---

# इंदौर की चोइथराम मंडी में होटल कर्मचारी से लूट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

चोइथराम मंडी में शनिवार को कर्मचारी से लूट की वारदात सामने आई। गेट नंबर 2 और 3 के बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने कर्मचारी को निशाना बनाया और रुपए छीनकर मौके से फरार हो गए। दोनों बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। घटना के बाद व्यापारियों ने मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए सुरक्षा इंतजाम मजबूत करने की मांग की है।

जानकारी के मुताबिक मुकेश अपने साथी के साथ शनिवार को चोइथराम मंडी में सब्जी लेने आया था। इसी दौरान गेट नंबर 2 और 3 के बीच बाइक सवार दो बदमाशों ने उसे रोक लिया। बदमाशों ने उससे रुपए छीने और बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। वारदात के बाद पुलिस को लिखित शिकायत दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों बदमाशों की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में करीब 50 सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। इसके बावजूद बदमाश दिनदहाड़े वारदात कर आसानी से फरार हो गए। व्यापारियों ने मंडी प्रबंधन से सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर प्रवेश और निकासी वाले रास्तों पर निगरानी बढ़ाने की मांग की है। घटना के बाद व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मंडी में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो आलू मंडी, सब्जी मंडी और फ्रूट मंडी के व्यापारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे। व्यापारियों का कहना है कि मंडी में आने वाले व्यापारियों और कर्मचारियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रबंधन की है।

---

# इंदौर में चिप इंडस्ट्री की नई जमीन तैयार

## सेमी-कंडक्टर कंपनियों को निवेश के लिए बुलाएगा मध्यप्रदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

सेमी-कंडक्टर चिप की बढ़ती वैश्विक मांग के बीच मध्यप्रदेश पहली बार चिप इंडस्ट्री के बड़े नामों को एक मंच पर लाने जा रहा है। नई दिल्ली में होने वाले इंडिया सेमीकॉन की तर्ज पर 23 और 24 अक्टूबर को इंदौर में मध्यप्रदे श-सेमिकॉन होगा।

इसमें देश-विदेश की चिप निमार्ता कंपनियों, डिजाइन हाउस और सप्लाई चेन से जुड़े निवेशकों को बुलाया जाएगा। सरकार का फोकस इंदौर-पीथमपुर में चिप निर्माण और इससे जुड़ी यूनिट्स स्थापित कराने पर रहेगा।

यह आयोजन केंद्र सरकार के इंडिया सेमी-कंडक्टर मिशन 2.0 (आईएसएम 2.0) से जुड़े अवसरों को मध्यप्रदेश तक लाने की कोशिश है। आईएसएम 2.0 का उद्देश्य देश में सेमी-कंडक्टर उपकरण, कच्चे माल, चिप डिजाइन और आधुनिक पैकेजिंग समेत पूरा स्वदेशी इकोसिस्टम तैयार करना है। इसी के तहत राज्य सरकार निवेशकों के सामने मध्यप्रदेश की उपलब्ध जमीन, लॉजिस्टिक्स, तकनीकी प्रतिभा और औद्योगिक क्षमता का प्रस्ताव रखेगी।

### बेंगलुरु में हुई राउंड टेबल, मप्र के उद्यमियों ने दिखाई रुचि

- मध्यप्रदेश-सेमिकॉन की तैयारियों को लेकर हाल ही में बेंगलुरु में हाई-लेवल राउंड टेबल बैठक हुई। यहां सेमी-कंडक्टर सेक्टर में नेतृत्व कर रहे कई उद्यमी मूल रूप से मध्यप्रदेश के हैं। इन उद्यमियों ने अपने गृह राज्य में निवेश के साथ नई रिसर्च और डिजाइन लैब्स स्थापित करने में रुचि दिखाई है।



- राज्य की सेमी-कंडक्टर और ईएसडीएम (इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग) नीति के जरिए इंदौर-पीथमपुर बेल्ट में चिप इंडस्ट्री को आकर्षित करने की रणनीति तैयार की जा रही है।
- मध्यप्रदेश-सेमिकॉन में चिप निर्माण में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स, गैस, सिलिकॉन वेफर और मशीनों के निर्माण से जुड़ी कंपनियों को इंदौर-पीथमपुर में यूनिट लगाने के लिए आकर्षित किया जाएगा। इसके लिए सरकार औद्योगिक भूमि बैंक और बेहतर सड़क, रेल व हवाई कनेक्टिविटी को निवेशकों के सामने रखेगी।

---

शिकायतों के निराकरण में लापरवाही पर लगाई फटकार, कहा- जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनें

# जनविश्वास शिविर में अफसरों पर भड़के महापौर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के मुसाखेड़ी स्थित नगर निगम के जोन-18 कार्यालय में शनिवार को आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर में अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने नाराजगी जताई। लोगों की शिकायतों के समाधान में लापरवाही सामने आने पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाई।

शिविर में कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक महेंद्र हार्डिया, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और कलेक्टर शिवम वर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अलग-अलग विभागों के स्टॉल लगाए गए थे, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याएं और आवेदन अधिकारियों के सामने रखे। कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।



महापौर ने कहा कि जनता की समस्याओं को टालने और काम में देरी करने की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने एक कर्मचारी को कलेक्टर से बातचीत के दौरान जेब से हाथ बाहर रखने की भी हिदायत दी।

शिविर में अतिक्रमण, सड़क, व्यक्तिगत दस्तावेज, सामाजिक न्याय और सरकारी योजनाओं से संबंधित मामले सामने आए। कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मौके पर निराकरण योग्य मामलों को तत्काल हल किया जाए और अन्य प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

सीएम हेल्पलाइन सहित अन्य माध्यमों से लंबित शिकायतों के समाधान पर भी विशेष जोर दिया गया। महापौर भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान का उद्देश्य सरकार और आम नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। अधिकारियों को लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनकर उनके समाधान में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

**योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर जोर-** कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि अभियान के माध्यम से लोगों की समस्याएं सीधे सुनी जा रही हैं और उनके समाधान के लिए कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है।

अभियान के तहत जनप्रतिनिधियों और जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों ने क्षेत्र की विभिन्न शासकीय एवं जनसेवा संस्थाओं का निरीक्षण भी किया। टीम ने मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक, शासकीय हिंदी प्राथमिक विद्यालय, संदीपनी विद्यालय, लोकमान्य तिलक सहकारी उपभोक्ता भंडार, आरोग्य अस्पताल और आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य संस्थाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

---

इंदौर के भागीरथपुरा कांड की जांच रिपोर्ट में खुलासा, 20-20 लाख मुआवजे की सिफारिश

# 24 मौतें दूषित पानी से, सिर्फ 2 अधिकारी दोषी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर में भागीरथपुरा के चर्चित दूषित पानी कांड में 36 मौतों की जांच के लिए गठित हाईकोर्ट की एक सदस्यीय न्यायिक समिति की रिपोर्ट में दो अधिकारियों की जिम्मेदारी तय किए जाने की जानकारी सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक, पाइपलाइन बदलने और टेंडर प्रक्रिया में देरी को हादसे की बड़ी वजह माना गया है।

रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। हालांकि, सामने आए प्रमुख बिंदुओं के मुताबिक 36 मौतों में से 24 को दूषित पानी से हुई मौत माना गया है, जबकि 12 मामलों में स्थिति स्पष्ट नहीं बताई गई है।

**मुआवजा 20 लाख तक करने की सिफारिश-** याचिकाकताओं के मुताबिक रिपोर्ट में दूषित पानी से हुई मौतों के मामलों में परिजनों को 20 लाख रुपए तक मुआवजा देने की सिफारिश की गई है। वर्तमान में 5 लाख रुपए के मुआवजे को बढ़ाकर 20 लाख रुपए किए जाने की संभावना पर भी रिपोर्ट में चर्चा है। वहीं, दूषित पानी से प्रभावित और घटना में घायल लोगों के इलाज के लिए 5 लाख रुपए तक की सहायता देने की बात सामने आई है।



**वकील बोले- जांच रिपोर्ट के अंश देखे-** याचिकाकर्ता एडवोकेट रितेश इनानी के मुताबिक, उन्होंने जांच रिपोर्ट के कुछ अंश देखे हैं। रिपोर्ट काफी विस्तृत है, इसलिए अभी इसका पूरी तरह अध्ययन नहीं हो सका है। प्रथम दृष्टया कुछ अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराए जाने की बात सामने आ रही है।

**36 मौतों के बाद हाईकोर्ट पहुंचा था मामला-** भागीरथपुरा में दिसंबर 2025 में दूषित पानी की समस्या सामने आने के बाद बड़ी संख्या में लोग उल्टी-दस्त और अन्य बीमारियों की चपेट में आए थे। मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट में बदल गया था। इसके बाद हाईकोर्ट में जनहित याचिकाएं दायर हुईं। अदालत ने प्रभावित क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने, बीमार लोगों के उपचार और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा था।

### पाइपलाइन बदलने में देरी को माना बड़ी वजह

रिपोर्ट के मुताबिक भागीरथपुरा में दूषित पानी की समस्या के पीछे पाइपलाइन से जुड़े काम में देरी को अहम कारण माना गया है। जांच में यह बात सामने आने की जानकारी है कि यदि समय पर पाइपलाइन बदल दी जाती तो दूषित पानी की स्थिति नहीं बनती। जांच कमेटी ने पाइपलाइन के काम और टेंडर प्रक्रिया में देरी को लेकर संबंधित अधिकारियों की भूमिका की विस्तार से पड़ताल की है। नगर निगम के जल विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का भी रिपोर्ट में उल्लेख होने की बात सामने आई है। एमआईसी और जनप्रतिनिधियों को क्लीन चिट रिपोर्ट की सामने आई जानकारी में एक महत्वपूर्ण बात यह भी है कि किसी जनप्रतिनिधि को इस घटना के लिए जिम्मेदार नहीं माना गया है। नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल को भी क्लीन चिट दिए जाने की जानकारी है।यानी जांच कमेटी ने घटना की जिम्मेदारी मुख्य रूप से प्रशासनिक और तकनीकी स्तर पर तय करने की दिशा में निष्कर्ष दिए हैं। हालांकि कुछ वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका को लेकर भी रिपोर्ट में जिम्मेदारी तय नहीं की गई है।

### रिपोर्ट अभी सार्वजनिक नहीं, रजिस्ट्रार के पास सुरक्षित

हाईकोर्ट की ओर से गठित रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता वाली एक सदस्यीय समिति ने अपनी रिपोर्ट कोर्ट में जमा कर दी है। रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है और रजिस्ट्रार के पास सुरक्षित है। संबंधित पक्षों के अधिवक्ता रजिस्ट्रार के पास जाकर रिपोर्ट का अध्ययन कर सकते हैं। रिपोर्ट सार्वजनिक करने और इसकी प्रति पक्षकारों को उपलब्ध कराने की मांग भी कोर्ट के समक्ष रखी गई है। हालांकि रिपोर्ट की आधिकारिक प्रति अभी सार्वजनिक नहीं हुई है, इसलिए इसमें दर्ज निष्कर्षों पर अंतिम स्थिति हाईकोर्ट की सुनवाई और आदेश के बाद ही स्पष्ट होगी।

# चंद्रचूड़ की हवेली कब्जाई, चाची समेत 7 पर एफआईआर

अलीगढ़ में एक्टर चंद्रचूड़ सिंह की हवेली कब्जाने में उनकी चाची समेत 7 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। चंद्रचूड़ के भाई अभिमन्यु सिंह ने इस मामले में रोरावर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने करोड़ों की जमीन और पुरानी हवेली के फर्जी वसीयत तैयार कराने के बाद प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया।

अभिमन्यु सिंह ने पुलिस को बताया- हमारी जमीनें जलालपुर के आसपास कई गांवों में हैं। पुश्तैनी हवेली भी है, जिस पर चाची गायत्री देवी सिंह ने लोगों के साथ मिलकर कब्जा कर लिया है। इस मामले में सिविल कोर्ट में मुकदमा पहसे से था, जिस पर अब क्रिमिनल एक्शन लिया है। अब आगे पुलिस ही डील करेगी। चंद्रचूड़ सिंह 'माचिस, जोश, क्या कहना' जैसी फिल्मों में काम कर चुके हैं। उनका परिवार अलीगढ़ के पुराने जमींदार परिवारों में गिना जाता है। उनके पिता कैप्टन बलदेव सिंह भारतीय सेना में अधिकारी रहे। वह 1985 में सदर विधानसभा सीट से विधायक बने थे। परिवार की जमीनें जलालपुर और आसपास के कई गांवों में फैली हैं। जमीनों पर छोटे-बड़े विवाद पहले भी होते रहे, लेकिन यह पहली बार मामला खुलकर सामने आया है। चंद्रचूड़ के चाचा गंगा सिंह लंबे समय से स्वीडन में रहते थे। भाई की मौत के बाद गंगा सिंह जलालपुर हवेली में आकर रहने लगे। अक्टूबर-2025 में गंगा सिंह का निधन हो गया। उसके बाद से ही पुश्तैनी संपत्ति, हवेली और ट्रस्ट से जुड़ी जमीनों पर कब्जे और दावेदारी को लेकर परिवार में तनातनी बढ़ गई।



## दादा की मौत से एक दिन पहले बनी फर्जी वसीयत

हमारे दादाजी अलीगढ़ के बहुत बड़े जमींदार थे। साल- 1997 में उनका निधन हुआ था। उनके निधन से ठीक एक दिन पहले एक फर्जी वसीयत तैयार कर ली गई थी। इस बड़े षड्यंत्र में परिवार के कुछ सदस्यों के साथ बाहरी लोग भी शामिल हैं। इस फर्जी वसीयत के जरिए सारी की सारी बेशकीमती जमीनें एक ही परिवार और दो लोगों के नाम ट्रांसफर कर दी गईं।

## तहसील कर्मियों से मिलीभगत

वसीयत का कोई प्रोबेट भी नहीं कराया गया था। चाचा गंगा सिंह की पत्नी और बेटे ने फर्जी तरीके से हवेली और जमीन पर कब्जा किया। उन लोगों ने बेहद शातिर तरीके से तहसील कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों की मिलीभगत से राजस्व दस्तावेजों में हेर-फेर की। नाम बदलकर सालों तक इन जमीनों को अवैध रूप से बेचा है।

## हम मुंबई में थे, हमारे पीछे खेल होता रहा

मेरा परिवार लंबे समय से मुंबई में रह रहा था। अलीगढ़ से दूर रहने के कारण इस बात की भनक तक नहीं लगी कि पैतृक संपत्तियों को कब्जा कर बेचा जा रहा है। अब धोखाधड़ी की जानकारी पर लीगल टीम को काम पर लगा दिया है। पैतृक संपत्ति में 1870 में बनी ऐतिहासिक हवेली द जलालपुर एस्टेट भी शामिल है। यह एक हेरिटेज प्रॉपर्टी है। सभी दस्तावेज निकाले गए हैं और उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है।

### पीछे दिखे जीसस और द लास्ट सपर के चित्र

# सलमान को अर्पिता ने बांधी राखी, वायरल हुआ वीडियो



रक्षाबंधन पर सलमान खान और उनकी बहन अर्पिता खान शर्मा का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इसमें अर्पिता सलमान की आरती उतारकर उनकी कलाई पर राखी बांधती नजर आ रही हैं। पीछे दीवार पर जीसस क्राइस्ट और लियोनार्डो दा विंची की मशहूर पेंटिंग द लास्ट सपर का म्यूरल दिख रहा है। इस दृश्य को सोशल मीडिया यूजर्स भारत की विविधता, सह-अस्तित्व और धार्मिक सौहार्द से जोड़ रहे हैं। क्षाबंधन का यह सेलिब्रेशन सलमान की बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री के घर हुआ।

अर्पिता खान शर्मा ने सोशल मीडिया पर इसकी झलक शेयर की। वीडियो में वह सफेद प्रिंटेड कुर्ते और दुपट्टे में, जबकि सलमान टी-शर्ट, जींस और ब्लैक काउबॉय स्टाइल हैट में नजर आ रहे हैं। अर्पिता पहले सलमान की आरती उतारती हैं, फिर उनकी कलाई पर राखी बांधती हैं।

राखी बांधने के दौरान पीछे दीवार पर जीसस क्राइस्ट की तस्वीर और लियोनार्डो दा विंची की मशहूर पेंटिंग द लास्ट सपर दिखाई देती है। यही दृश्य सोशल मीडिया यूजर्स के बीच चर्चा का कारण बना। कई लोगों ने इसे भारत में अलग-अलग धर्मों के साथ रहने और एक-दूसरे की परंपराओं के सम्मान का प्रतीक बताया।

## सोशल मीडिया पर लोगों ने क्या कहा?

वीडियो सामने आने के बाद एक्स पर कई यूजर्स ने प्रतिक्रिया दी। एक यूजर ने इसे इंटरनेट का सबसे धर्मनिरपेक्ष वीडियो बताया। दूसरे यूजर ने लिखा कि एक मुस्लिम भाई को हिंदू पति से शादी करने वाली मुस्लिम बहन राखी बांध रही है और पीछे जीसस की तस्वीर है। एक अन्य यूजर ने अर्पिता और सलमान की तस्वीर को भारत में धर्मनिरपेक्षता की खास झलक बताया। हालांकि, ये प्रतिक्रियाएं सोशल मीडिया यूजर्स की अपनी राय हैं। रक्षाबंधन सेलिब्रेशन के बाद सलमान को घर के बाहर भी देखा गया। उनकी कलाई पर कई रंग-बिरंगी राखियां और माथे पर तिलक था। पैपराजी के कहने पर सलमान ने कुछ देर अपनी राखियां दिखाईं और फिर कार से रवाना हो गए।

सलमान खान जल्द फिल्म मातृभूमि में नजर आएंगे। फिल्म का नाम पहले बैटल ऑफ गलवान था। इसका निर्देशन अपूर्व लाखिया कर रहे हैं और इसमें चित्रांगदा सिंह भी उनके साथ नजर आएंगी।



## सलमान खान ने दिखाई राखियों से सजी कलाई

रक्षाबंधन पर सलमान खान ने सोशल मीडिया पर अपनी राखियों से सजी कलाई की झलक शेयर की। एक्टर की कलाई पर कई राखियां बंधी नजर आ रही हैं। उनकी इस पोस्ट के बाद यह सोशल मीडिया पर चर्चा में आ गई। सलमान की कलाई पर नजर आ रहीं अलग-अलग राखियां इशारा करती हैं कि उन्होंने रक्षाबंधन खास अंदाज में सेलिब्रेट किया। हालांकि, झलक में यह स्पष्ट नहीं है कि ये राखियां किस-किस ने बांधी हैं। सलमान ने भी इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। सलमान खान का परिवार के साथ खास बॉन्ड किसी से छिपा नहीं है। खासकर रक्षाबंधन पर खान परिवार का सेलिब्रेशन हर साल सुर्खियों में रहता है।

# रामायण एक्टर सुनील लहरी ने कृति के विवादित रक्षाबंधन एड के बहिष्कार का समर्थन किया

कृति सेनन के रक्षाबंधन से जुड़े एड में रिवीलिंग कपड़े पहनने पर अब रामायण एक्टर सुनील लहरी भड़क गए हैं। उन्होंने इस एड का बहिष्कार किए जाने की तारीफ की और इसे संस्कृति के विरुद्ध कहा।

सुनील लहरी ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक वीडियो जारी किया है। वीडियो में उन्होंने कहा, ह्यप्रणाम दोस्तों, हमारे त्योहार, हमारे पर्व या फेस्टिवल, हम जो चाहें कह लें, इनके साथ हमारी भावनाएं, रिश्ते, संस्कार जुड़े हैं। इनका सम्मान करना, हम सबकी जिम्मेदारी है। जैसे कि पिछले दिनों एक रक्षाबंधन के विज्ञापन को एकजुट होकर जिस तरह बहिष्कार किया, उसका मैं सम्मान करता हूं। हम सब मर्दों की मर्दानगी नारी की रक्षा करने में है। हम सबको उनका रक्षक होना चाहिए, भक्षक नहीं। वह सम्माननीय हैं, पूजनीय हैं।

कृति सेनन ने एड में रिवीलिंग कपड़े पहने- यह पूरा विवाद जीवा ज्वेलरी ब्रांड के 36 सेकंड के रक्षाबंधन एडवर्टाइजमेंट से शुरू हुआ था। रक्षाबंधन से जुड़े इस एड में कृति ने ऑफ व्हाइट ब्रालेट स्टाइल ब्लाउज, केप और ड्रेप्ड स्कर्ट पहना था।

सोशल मीडिया यूजर्स के एक वर्ग ने इस लुक की आलोचना की। उनका कहना था कि परिवार और परंपरा से जुड़े त्योहार के लिए यह आधुनिक स्टाइल सही नहीं है।

कंगना ने कृति के लुक की निंदा की- सोशल मीडिया ट्रोलिंग के बीच कंगना रनोट ने सोशल मीडिया पर बिना कृति का नाम लिए लिखा, महिला होने के लिए यह शानदार समय है। हमारी अलमारियां कई तरह के कपडों से भरी हैं और आज की महिला ग्लोबल महिला है। कॉकटेल ड्रेस से लेकर लहंगा चोली तक, जींस से लेकर साडी तक, बिकिनी से लेकर सलवार-कमीज तक, आज हमारे पास पहनने के इतने विकल्प हैं। फिर आप अपने भाई को बिकिनी या अंडरगारमेंट्स में राखी क्यों बांधेंगी? आपके पास स्टाइलिंग के इतने विकल्प कहां हैं? हा हा, यह विज्ञापन जानबूझकर अजीब बनाया गया लगता है। कृति सेनन ने कंगना को जवाब दिया- कंगना की टिप्पणी के बाद आलोचना के बीच कृति ने आधिकारिक बयान जारी किया। उन्होंने कहा, त्योहारों का मतलब आपके पहने हुए कपडों में नहीं, बल्कि परंपराओं के लिए आपके मन में मौजूद भावनाओं और उनके अर्थ में होता है।

## राहुल गांधी ने किया कृति का बचाव

विवाद पर राहुल गांधी ने कृति की पोस्ट री-शेयर कर लिखा कि कोई महिला क्या पहनती है, क्या करती है और कहां जाती है, यह उसकी अपनी पसंद है। महिलाओं के कपड़ों और जीवनशैली की ऑनलाइन पुलिसिंग यानी पहरेदारी नहीं करनी चाहिए। राहुल ने अपने पोस्ट में स्मैश द पेट्रियार्की' हैशटैग का इस्तेमाल किया था।

## विवाद के बाद ब्रांड ने हटाया एडवर्टाइजमेंट

सोशल मीडिया पर कपड़ों और पेट डॉग को राखी बांधने को लेकर विवाद बढ़ता देख ब्रांड ने आधिकारिक बयान जारी कर माफी मांगी और इस एडवर्टाइजमेंट को अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से हटा लिया है।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

मंटू - कल मैंने रॉकेट छोड़ा तो सीधे सूरज से जा टकराया।
घंटू - क्या बात कर रहा है?
मंटू - फिर क्या? मेरी पिटाई हुई।
घंटू - किसने मारा?
मंटू - सूरज की मम्मी ने...



सास

बहू, पड़ोस की सुषमा एक नंबर की झूठी है। उसकी बातों पर कभी विश्वास मत करना। वैसे तुमसे सुबह क्या कह रही थी?
बहू - कह रही थी कि आप बहुत भली औरत हैं।



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
3. ध्वज, झंडा-3
5. माहिर, होशियार-2
6. बेल, लतिका-2
8. अस्वीकृत करना-4
11.अदृश्य-3
13. फटकार, धिक्कार-3
14. अधर, होठ-2
15. सलाह, सुझाव-2
16.आश्रय-3
18. अनुमान, अंदाज-3
20. आलता, माहुर-4
23.नासिका-2
25.रहस्य-2
26. रेखा, लाइन-3
27.परिमूल्य-3

**ऊपर से नीचे**

1. लाख, सौ हजार-2
2. बारीक, सूक्ष्म-3
3. तीन घंटे का समय-3
4. समय, वक्त-2
5. कोतवाल-3
7. बल, जोर, दम-3
9. श्रवणेंद्रिय-2
10. जो लायक न हो-4
12. कृष्ण के बड़े भाई-4
16. दर्पण, शीशा-3
17. नौका -2
19. आसान, सरल-3
21. उपस्थित-3
22. रस से भरा-3
24. बीता हुआ दिन-2
25. रजनी, निशा-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 79 | | 15 | | 74 | | 2 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 25 | | 50 | | 25 | = | 40 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 5 | | 10 | | 2 | | 25 | = | 50 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 40 | | 4 | | 40 | | 20 | = | 70 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 4 | | 34 | | 52 | | 5 | = | |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (×) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जो 'ज' से शुरु होते हों. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

जखीरेदार, जगख्यात, जगदाचार्य, जगत, जगदगुरु, जगजाहिर, जननी, जगन्नाथ, जलन, जगमगाहट

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 7 | | 6 | 2 | 5 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | | 31 | 1 |
| 1 | 2 | | | 5 | 6 | |
| | 30 | 1 | 30 | | 31 | |
| | 6 | 5 | | | 3 | 2 |
| 2 | 33 | | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 6 | 1 | 2 | | 7 | 4 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | + | 40 | - | 58 | + | 25 | = | 27 |
| + | ■ | - | ■ | x | ■ | - | ■ | - |
| 33 | - | 12 | + | 3 | - | 14 | = | 10 |
| - | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 25 | x | 5 | + | 6 | - | 72 | = | 59 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 33 | • | 3 | - | 5 | x | 10 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 61 | - | 30 | - | 24 | + | 73 | = | |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 3 | 4 | 2 | 1 | 6 |
| 2 | 24 | 1 | 27 | 6 | 36 | 3 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | 31 | 6 | 31 | 1 | 30 | 5 |
| 5 | 7 | 4 | 6 | 3 | 2 | 1 |
| 4 | 39 | 7 | 39 | 4 | 25 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 4 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल-

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

स्वदेशी जागरण मंच
स्वावलंबी भारत अभियान

MySBA

# स्वदेशी - विदेशी वस्तुओं की सूची

| वस्तु | स्वदेशी उत्पाद का प्रयोग करें | विदेशी उत्पाद का - बहिष्कार करें |
|---|---|---|
| नहाने का साबुन | संतूर, निरमा, स्वास्तिक, मैसूर सैंडल, विप्रो, शिकाकाई, मेडिमिक्स, गंगा, सिंथाल, मार्गो, पतंजलि तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लक्स, लिरिल, लाईफबॉय, पियर्स, रेक्सोना, हमाम, जय, मोती, कैमे, डव, पॉण्डस, पॉमोलिव, जॉनसन, क्लीयरसील, डेटाल, लेसांसी, जासमीन, गास्टमिस्ट, लैक्मे, एम्वे, क्वॉटम, मोर्गो |
| कपड़े धोने का साबुन | घड़ी, निरमा, विमल, पतंजलि, हीपोलीन, टी-सीरिज, डेट, फेना, उजाला, शुद्ध, ईजी, जेंटिल, 555, बॉबी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | सनलाईट, व्हील, एरियल, चेक, डबल, ट्रीलो, 501, ओके, की-रिबेल, एम्वे, क्वॉटम, सर्फ एक्सल, रिन, रिम बार, रॉबिन ब्लू और हिन्दूस्थान लिवर के अन्य उत्पादन |
| सौन्दर्य प्रसाधन औषधि | पार्क एवेन्यू, टिप्स एण्ड टोज, श्रृंगार, पतंजलि, सिंथॉल, संतूर, इमामी, खादी, बोरोप्लस, तुलसी, विको टर्मरिक, अर्निका, डाबर, हेयर एण्ड केयर, हिमानी, पैराशूट, फेम, केडिला, फ्रंको, अपका, खण्डेलवाल, टोरंट फार्मा, युनिकेम, झंडु फार्मा, महर्षि आयुर्वेद, बलसारा, डाबर, बैद्यनाथ, भास्कर, बोरोलीन, बजाज सेवाश्रम, कोकोराज, मूव, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | जॉनसन, पॉण्डस्, ओल्ड, क्लियरसील, ब्रिलक्रिम, फेयरल एण्ड लवली, वेलवेट, मेडिकेयर, लेवेंडर, नायसील, शॉवर टू शॉवर, क्लूटीकूरा, लिरील, डेनिम, ऑरगनिक्स, रुट्स, पेंटिन, हेड एण्ड शोल्डर, एमवे, क्लिनिक, कोको केयर, नवराटिस, क्रेक क्रीम |
| टूथपेस्ट, दन्त मंजन, टूथब्रश | बबूल, प्रॉमिस, वीको, एंकर, डाबर, पतंजलि, अजय, अजंता, गरवारे, ब्रश क्लासिक, ईगल, बैद्यनाथ, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | कोलगेट, सिबाका, क्लोजप, पेस्टोडेंट, एमवे, क्वॉटम, एक्वाफ्रेश, नीम, ओरल-बी, फोरहंस, सीग्नल, मॅकलिंस |
| दाढ़ी बनाने का साबुन ब्लेड्स | गोदरेज, इमामी, सुपर, सुपरमैक्स, अशोक, वी-जॉन, पतंजलि, टोपाज, प्रीमियम, पार्क एवेन्यू, लेझर, विद्युत, जे.के. तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | पॉमोलिव, ओल्ड स्पाईस, निविया, पॉण्डस्, प्लेटिनम, जिलेट, सेवेन ओ क्लॉक, विलमेन, विलटेज, अरस्मिक, रिस्स, लेकमे, डेनिम |
| बिस्कीट चॉकलेट, दुग्ध उत्पाद, ब्रेड | वचन, गाया, देवभोग, न्यूट्रीन, अमूल, ब्रिटानिया, पतंजलि, चैम्पियन, ॲम्प्रो, पारले, साठे, बेकमन, प्रिया गोल्ड, मोनैको, गिट्स, पैरी, रावलगांम, क्लासिक, इंडाना, सफल, तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | नेस्ले, केडबरी, बोर्नविटा, हॉरलिक्स, बुस्ट, मिल्क मेड, किसान, मैगी, फैरेक्स, अनिकस्प्रे, कॉम्लान, किटकैट, चार्ज, एक्लेअर, मॉडर्न ब्रेड, माल्टोवा, व्हिवा, माइलो |
| चाय - कॉफी | टाटा, वाघबकरी, गिरनार, आसाम टी, सोसायटी, डंकन, ब्रह्मपुत्र, तेज, लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | बुकब्रांड, ताजमहल, रेडलेबल, डायमंड, लिपटन, ग्रीनलेबल, टाइगर, नेसकैफे, नेसले, डेल्टा, ब्रू, सनराईज, थ्री फ्लॉवर्स |
| शीतलपेय, शर्बत चटनी, अचार मुरब्बा | पोपट, मौसाजी, ओन्जुम, जैम्पिन, हल्दीराम, हमदर्द, मैप्रो, गुरुजी, फ्रूटी, गोकुल, बीकानेर, वेकफील्ड, मोगा, प्रिया, अशोक मदर्स रेसेपी तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | लहर, पेप्सी, सेवनअप, मिरिंडा टीम, कोका कोला, मॅकडोनाल्ड, मॅंगोला, गोल्ड स्पाट, लिमका, थम्सअप, स्प्राईट, डक्यूस, फैण्टा, कैडबरी |
| आईस्क्रीम | कैप्स, अरूण, दिनशॉं, सेलेस्टी, अमूल, नेचूरल्स, हिमालय, निरुला, वाडीलाल, क्रीमवेल, मदर डेयरी | कैडबरी, डॉलाप, नाईस, बुकब्राड के उत्पादन, क्वालिटी, वॉल्स, बास्किन-रॉबिन्स, यांकि डयूडल्स |
| खाद्य तेल खाद्य पदार्थ | कमल, सर्वोत्तम, मारुति, पोस्टमेन, धारा, गिन्नी, स्वीकार, रथ, विजया, सपन, पॅराशूट, अशोक, सफोला, कोहिनूर, मधुर, इंजन, गगन, अमृत वनस्पति, रामदेव, एम.डी.एच., एवेरेस्ट, बेडेकर, सहकार, लिज्जत, गणेश, शक्ति भोग आटा, टाटा तथा लघु उद्योग के अन्य स्थानीय उत्पादन | डालडा, क्रिस्टल, लिप्टन, अन्नपूर्णा नमक-आटा और चपाती, मैगी, किसान, बुकब्रॉण्ड, कैप्टनकुक नमक और आटा, मॉर्डन चपाती, कारगिल आटा |
| तैयार कपड़े | मफतलाल, रेमण्ड, पिटर इंग्लैण्ड, ट्रेंड, केम्ब्रिज, डबल बुल, झड़ियो, अरविंद, डेनिम, प्रोलिन, टीटी, अमूल, वीआईपी, रूपा, पार्क एवेन्यू, न्यूपोर्ट, किलर, फ्लाईंग मशील, ड्यूक्स, कोलकाता बाजार, लूधियाना, एवं अन्य स्थानीय होजरी के उत्पादन | ली के सभी उत्पाद, बर्लिंगन, लकोस्टे, सॅनफिस्को, कलरप्लस, व्हॅन हुसेन, लुई फिलिप, लेविस, पेप जीन्स, रैंगलर, बेनेटोन, रीड एण्ड टेलर, बायफोर्ड |
| कम्प्युटर, लैपटॉप एवं उपकरण | एच.सी.एल, सेनिथ, विप्रो, सहारा, इनटैक्स, चिराग, एमकेट, मोसरबेयर, बीपीएल, अजन्ता, टीवीएस | तोशिबा, सेमसंग, एलजी, लेनोवा, सोनी, ऐसर, एचपी, केनन, शार्प, एसुस, डेल, सनडिक्स, नेक, फिलिप्स |

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, रविवासरः 30 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

न कश्चित कस्यचित मित्रं न कश्चित कस्यचित रिपु:।
व्यवहारेण जायन्ते, मित्राणि रिप्वस्तथा।।

**भावार्थ** : कोई मित्र नहीं है, कोई शत्रु नहीं है। व्यवहार दोस्त या दुश्मन बनाता है।

आनृशंस्यं क्षमा सत्यं अहिंसा दम आर्जवः।
प्रीतिः प्रसादो माधुर्य मार्दवं च यमा दश।।

**भावार्थ** : निर्दयी, क्षमाशील, सत्यवादी, अहिंसक, गतिशील (अपनी प्रवृत्तियों पर विजय प्राप्त करना), ईमानदारी न होना। प्रेम, स्पष्ट और सरल विचार, सभी के प्रति दया और दया, इन दस आज्ञाओं और कर्तव्यों को शास्त्रों द्वारा नैतिक गुणों के लिए समझाया गया है।

## झारखण्डपुलिससङ्घस्य वरिष्ठ उपाध्यक्षः महताब आलम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

आरोपः अस्ति यत् विधायकः एसएचओ कार्यालयं प्रविश्य मेजस्य उपरि स्थापितानां वस्तूनाम् क्षतिं कृतवान्। शिकायतया पुलिस-अधिकारिणः प्रति अशोभन-व्यवहारस्य उल्लेखः अपि कृतः अस्ति। झारखण्डपुलिससङ्घस्य वरिष्ठ उपाध्यक्षः महताब आलम इत्यनेन उक्तं यत् महासंघं सम्पूर्णं प्रकरणं सूचितम् अस्ति। सः स्पष्टीकरोति यत् २४ घण्टानां समयसीमायाः समाप्तेः अनन्तरं संघस्य निर्देशानुसारं अधिका कार्यवाही भविष्यति। संघेन चेतावनी दत्ता यत् यदि शीघ्रं कार्यवाही न क्रियते तर्हि झारखण्डपुलिससङ्घस्य।

## सम्पादकीयम्

### सहकार्यद्वारा स्थिरता

केवलं अल्पव्ययस्य आपूर्तिषु अवलम्बनं वा कतिपयेषु देशेषु अतिशयेन आश्रयः वा न भवति। कोविड-१९ महामारीतः आरभ्य युक्रेनयुद्धपर्यन्तं पश्चिम एशियासंकटपर्यन्तं च घटनाभिः वैश्विकआपूर्तिश्रृङ्खलासु दुर्बलताः उजागरिताः। एतत् अधिकं वर्धयति चीनस्य मनमाना व्यवहारः, यतः सः दुर्लभपृथिवीतत्त्वेषु स्वस्य एकाधिकारं शस्त्रं करोति। जापान-भारतयोः द्वयोः अपि अस्य आव्हानस्य सामना भवति। अस्मिन् सन्दर्भे एआइ, अर्धचालकाः, बायोगैस्, महत्त्वपूर्णप्रौद्योगिकी च इति विषये सहकार्यज्ञापनं अत्यन्तं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। भारत-पाकिस्तान-सङ्घर्षः : सिन्धुजलसन्धिविषये पाकिस्तानस्य याचना; भारतं कठोरं सन्देशं प्रयच्छति। सहकार्यद्वारा स्थिरता : भारतं जापानं च रक्षाक्षेत्रे अपि प्रमुखं पदानि स्वीकृतवन्तौ। द्वयोः देशयोः संयुक्तरूपेण नौसैनिकरेडियो एंटीना इति निमार्णं भविष्यति। एतेन रक्षाप्रौद्योगिक्यां साझेदारीयाः नूतनाः मार्गाः उद्घाटिताः भविष्यन्ति इति अपेक्षा अस्ति। क्षेत्रीयस्थिरतायाः नियमाधारितस्य भारत-प्रशांतक्षेत्रस्य च कृते द्वयोः राष्ट्रयोः रक्षासहकार्यं महत्त्वपूर्णम् अस्ति। उभौ देशौ चीनस्य वर्धमानस्य आक्रामकतायाः विषये चिन्ताम् अपि साझां कुर्वन्तं मञ्चं क्वाड् इति मञ्चस्य सदस्यौ स्तः। अमेरिकीप्राथमिकतानां परिवर्तनं दृश्यते इति कारणेन बीजिंगस्य नीतयः प्रभाविताः अन्यराष्ट्राणि अग्रे गन्तुं प्रवृत्ताः सन्ति।

नेपाले तीव्र-आकस्मिक-जलप्रलयात् विनाशः

# बिहार-यूपी-देशयोः ९५ जनानां मृत्योः उच्चसचेतना; १०५ भारतीयाः लापता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

नेपालस्य तिब्बतसीमायुक्तेषु क्षेत्रेषु तीव्रः आकस्मिकजलप्रलयः अभवत्, येन विशालः विनाशः अभवत्। त्वरितजलेन, मलिनेन च रसुवा, नुवाकोट्, धडिङ्ग इत्यादिषु अनेकेषु प्रदेशेषु मार्गाः, सेतुः, बस्तयः, जलविद्युत्परियोजनानि च नष्टानि अभवन् नेपाले मृतानां संख्या ९५ प्राप्ता, शतशः जनाः अप्राप्ताः सन्ति इति समाचाराः सूचयन्ति। नेपालपर्यटनमण्डलस्य प्रारम्भिकसूचौ ३८४ लापता यात्रिकाः - येषु २९१ विदेशीयाः नागरिकाः ९३ नेपालीनागरिकाः च सन्ति - येषु न्यूनातिन्यूनं १०५ भारतीयराष्ट्रीयाः इति सूचना अस्ति

भारतस्य सीमान्तराज्येषु अस्याः आकस्मिकस्य आपदायाः सम्भाव्यप्रभावस्य विषये बिहारे उत्तरप्रदेशे च चिन्ता वर्धिता अस्ति। नेपालदेशात् प्रवहन्तीनां नद्यः जलस्तरस्य वर्धनस्य प्रतीक्षया उभयराज्यस्य सीमान्तजिल्हेषु सतर्कता वर्धिता अस्ति। बिहारे गण्डकनद्याः जलग्रहणक्षेत्रस्य विशेषनिरीक्षणं प्रचलति, उत्तरप्रदेशे गण्डकनारायणी इत्यादीनां सहायकनदीनां जलस्तरस्य निरीक्षणं क्रियते।

बिहारसर्वकारेण सम्भाव्यस्थितेः निवारणाय सज्जता वर्धिता अस्ति। उच्चस्तरीयसमीक्षासभायां उपमुख्यमन्त्री सम्राटचौधरी इत्यनेन सम्बन्धितजिल्हेषु अधिकारिभ्यः निरन्तरसतर्कतां स्थापयितुं सर्वा आवश्यकानि उद्धार-राहत-व्यवस्थाः सज्जाः स्थातुं निर्देशः दत्तः। गण्डकनद्याः पार्श्वे पश्चिमचम्पारणं, पूर्वचम्पारणं, गोपालगञ्जं, सारणं, मुजफ्फरपुरं, वैशाली च इत्यादिषु जिल्हेषु विशेषसावधानी क्रियते।



तटबन्धानां नियमितनिरीक्षणं, रात्रौ निगरानीयता, दुर्बलक्षेत्रेषु सूचनानां समये प्रसारणं सुनिश्चितं कर्तुं च अधिकारिभ्यः निर्देशः दत्तः अस्ति।

सम्भाव्यं जलप्रलयसंकटं दृष्ट्वा वाल्मीकिनगरस्थस्य गण्डकबैरेजस्य सर्वाणि ३६ द्वाराणि सावधानतारूपेण उद्घाटितानि सन्ति। जलसंसाधनविभागस्य तकनीकीदलः अपि अस्य बैरेजस्य निरीक्षणार्थं नियोजितः अस्ति। विभागेन गण्डक-नदी-बेसिन्-अन्तर्गत-जिल्हेभ्यः चेतावनीम् अयच्छत्, यत्र अधिकारिणः जलस्तरस्य निरन्तरं निरीक्षणं कर्तुं, तटबन्धानां स्थितिं च समीक्षितुं च निर्देशं दत्तवान् अस्ति।

प्रशासनेन निम्नक्षेत्रेषु निवासिनः अतिरिक्तसावधानीयाः सल्लाहः दत्तः अस्ति। जनाः नदीतटस्य समीपं न गन्तुं, अफवाः अवहेलितुं च प्रार्थिताः, तस्य स्थाने प्रशासनेन निर्गतानाम् आधिकारिकसूचनानाम् अवलम्बनं कुर्वन्तु। यदि जलस्तरः तीव्रगत्या वर्धते तर्हि निवासिनः निम्नक्षेत्रेभ्यः सुरक्षितस्थानेषु स्थानान्तरयितुं सज्जताः सन्ति। एनडीआरएफ-एसडीआरएफ-दलानि अपि कस्यापि आपत्कालीनस्थितेः कृते स्टैण्डबाई-रूपेण स्थापितानि सन्ति।

उत्तरप्रदेशस्य सीमान्तजिल्हेषु नेपालदेशात् जलस्य प्रवाहस्य विषये अपि निगरानीयता वर्धिता अस्ति। महाराजगञ्ज, कुशीनगर, गोरखपुर, सिद्धार्थनगर इत्यादीनां जिल्हेषु सहितं सम्पूर्णे पूर्वोत्तरप्रदेशे नदीजलस्तरस्य निरीक्षणं क्रियते। परन्तु अधिकारिणः वदन्ति यत् उत्तरप्रदेशे सम्प्रति कोऽपि प्रमुखः खतरा नास्ति, गण्डकस्य जलस्तरः अपि संकटचिह्नात् अधः एव तिष्ठति इति अपेक्षा अस्ति। तथापि प्रशासनेन सावधानतारूपेण सतर्कता वर्धिता अस्ति। प्रारम्भिकनिष्कर्षेण ज्ञायते यत् नेपाले विनाशस्य प्राथमिकं कारणं साधारणवृष्टिः नासीत्। उपलब्धाः समाचाराः सूचयन्ति यत् बुधवासरे नेपालस्य रसुवाक्षेत्रे महत्त्वपूर्णा स्थानीयवृष्टिः न अभवत्।

मन्त्री कैलाशविजयवर्गीयः कथयति

# यत् शर्करायाः महत्तरं भवति चेत् तत् कुशलम्

### ४० वर्षेभ्यः परं तस्य सेवनं न कर्तव्यम्

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

मध्यप्रदेशे शर्करामूल्यानां वर्धमानस्य विषये मन्त्री कैलाशविजयवर्गीयस्य टिप्पणी राजनैतिकविमर्शं प्रारभत। बुधवासरे इन्दौरनगरे पत्रकारानां प्रश्नानाम् उत्तरं दत्त्वा विजयवर्गीयः अवदत यत शर्करा महती अभवत् अपि कोऽपि मुद्दा न भविष्यति, यतः तस्य मते अधिकांशजनाः शर्करायाः सेवनं न कुर्वन्ति। भविष्ये शर्करायाः मूल्यानि न्यूनीभवन्ति इति अपि उक्तवान्, ४० वर्षेभ्यः परं शर्करायाः सेवनं परिहरितव्यम् इति च अवदत्।

विजयवर्गीयः बुधवासरे रक्षाबन्धन-उत्सवस्य कृते स्थानीयं वृद्धाश्रमं गतवान् आसीत्। भ्रमणकाले पत्रकारैः शर्करायाः वर्धमानस्य मूल्यस्य विषये प्रश्नः कृतः। तस्य प्रतिक्रियारूपेण सः अवलोकितवान् यत् यदा द्विदिनपूर्वं शर्करायाः मूल्यं प्रतिकिलोग्रामं ७० आसीत् तदा अधुना तस्य दरः प्रतिकिलोग्रामं ६० इत्येव न्यूनीकृतः अस्ति। आगामिषु दिनेषु मूल्यानि अधिकं न्यूनीभवन्ति इति सः दावान् अकरोत्। सः अपि अवदत् यत्, सर्वथा ९० प्रतिशतं जनाः शर्करां मिष्टान्नं वा न सेवन्ते। स्वविवरणस्य विस्तरेण मन्त्री उक्तवान् यत् शर्करायाः वर्धमानेन सामान्यजनस्य कृते महत्त्वपूर्णं कष्टं न भवेत्। सः अपि सुझावम् अयच्छत् यत् बालकानां कृते उचितमूल्यानां दुकानानां (राशन-दुकानानां) माध्यमेन किफायती शर्करा उपलब्धा भवेत्। स्वसहविधायकस्य रमेशमेण्डोला इत्यस्य उदाहरणं दत्त्वा विजयवर्गीयः पुनः अवदत् यत् ४० वर्षाणि पूर्णानि कृत्वा शर्करायाः सेवनात् परहेजं कर्तव्यम् इति। विजयवर्गीयस्य वचनस्य अनन्तरं काङ्ग्रेसपक्षः सर्वकारं लक्ष्यं कृत्वा सामान्यग्राहकानाम् कष्टैः सह एतत् वक्तव्यं सम्बद्धवान्। राज्यकाङ्ग्रेसस्य अध्यक्षः जीतू पटवारी भाजपामन्त्रिणः सामान्यजनस्य उपहासः अपमानं च कुर्वन्ति इति आरोपं कृतवान्।

## राशिफल

**मेष** : आज पैसों के मामले में सावधानी रखना जरूरी रहेगा। अचानक कोई खर्च सामने आ सकता है।

**वृषभ** : मौसम में बदलाव का असर सेहत पर पड़ सकता है। गले या सर्दी-जुकाम जैसी परेशानी को नजरअंदाज न करें।

**मिथुन** : आज आप भाग्यशाली हैं आपके रोमांटिक रिश्ते में खुशहाली रहेगी। ध्यान रखें कि मौजूदा समस्याओं को सुलझा लें।

**कर्क** : गुस्से को अपने ऊपर हावी ना होने दें। पैरों या कमर में दर्द जैसी परेशानी महसूस हो सकती है, इसलिए लापरवाही न करें।

**सिंह** : आज मन थोड़ा अस्थिर रह सकता है और छोटी बात भी ज्यादा परेशान कर सकती है। अचानक बढ़े खर्च बजट बिगाड़ सकते हैं।

**कन्या** : शरीर में थकावट और आलस महसूस हो सकता है। दिनों से नींद पूरी नहीं हुई है तो आज आराम को प्राथमिकता दें।

**तुला** : आज रिश्तों में संदेह और गलतफहमी परेशानी बढ़ा सकती है। किसी की बात को बिना पूरी जानकारी के गलत न समझें।

**वृश्चिक** : आर्थिक मामलों को लेकर दिमाग में कई तरह की बातें चलती रहेंगी। अचानक कहीं से पैसा मिलने की संभावना बन सकती है।

**धनु** : आज आपकी बातों में कठोरता आ सकती है, जिससे किसी अपने को बुरा लग सकता है। गुस्से में बोलने से बचें।

**मकर** : आज एनर्जी थोड़ी कम महसूस हो सकती है और शरीर में कमजोरी जैसी स्थिति रह सकती है।

**कुंभ** : आज मन में सकारात्मकता रहेगी और परिवार से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिल सकती है।

**मीन** : ध्यान एक जगह टिकाना थोड़ा मुश्किल हो सकता है। काम के बीच बार-बार मन बदलने से समय खराब हो सकता है।

## ज्योतिष/वास्तु

# कर्क राशि में केतु करेंगे 18 साल बाद गोचर, इन राशियों को आर्थिक उन्नति के योग

18 साल बाद दोबारा से केतु साल 2026 के अंत में कर्क राशि में गोचर करेंगे, जिससे कुछ राशि वालों को अचानक धन प्राप्ति और आय में इजाफा होने के योग हैं।

वैदिक ज्योतिष में केतु को विरक्ति, आध्यात्म, रहस्य और कर्म से जुड़े परिणामों का कारक ग्रह माना जाता है। केतु राहु की तरह एक राशि में 18 महीनों तक एक राशि में रहते हैं। साल 2026 के अंत में केतु चंद्रमा के स्वामित्व वाली राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। केतु 5 दिसंबर 2026 को कर्क राशि में प्रवेश करेंगे। केतु के 18 महीने बाद राशि परिवर्तन करने से इसका प्रभाव सभी 12 राशियों के जातकों के ऊपर देखने को मिलेगा। लेकिन कुछ राशियां ऐसी होंगी जिनके ऊपर ज्यादा प्रभाव देखने को मिलेगा।

**वृषभ राशि –** वृषभ राशि वालों के लिए कर्क राशि में केतु का गोचर आपके तीसरे भाव में होगा। कुंडली का तीसरा भाव साहस, प्रयास, पराक्रम और संचार से संबंधित होता



है। ऐसे में इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और नई उपलब्धियां हासिल होंगी। करियर में नई तरह की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में नए-नए लोगों से संपर्क स्थापित होगा। आपको अचानक धन लाभ के साथ-साथ कोई नया मुकाम हासिल हो सकता है। आने वाले समय में आपको आर्थिक मोर्चे पर मजबूती मिलेगी।

**तुला राशि–** तुला राशि वालों पर कर्क राशि में केतु का गोचर आपके कर्म भाव यानी दशम में होगा। यह भाव आपके नौकरी, करियर, पद-प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ होता है। इससे आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव और जिम्मेदारी मिलने के योग बन सकते हैं। जो लोग लंबे समय में करियर में बदलाव की प्रतिक्षा कर रहे हैं उनको कोई नया अवसर मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल हो सकती है।

**कुंभ राशि –** कर्क राशि में केतु का गोचर कुंभ राशि वालों के लिए छठे भाव में होने वाला है। ज्योतिष में छठा भाव नौकरी, शत्रु कर्ज और प्रतियोगिता से संबंधित होता है। ऐसे में आपको इस दौरान एक साथ कई तरह की मुश्किल परिस्थितियों का सामना आपको करना पड़ सकता है। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिल सकती है। नौकरी में नई तरह की जिम्मेदारियों का सामना करना पड़ सकता है। आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा।

थाईलैंड से मुकाबला, पिछली 3 भिड़ंत में इंडिया जीती, स्मृति पर रहेंगी नजरें

# विमेंस एशिया कप में भारत का पहला मैच आज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबई

विमेंस एशिया कप 2026 में भारतीय टीम आज अपने अभियान की शुरूआत करेगी। टीम का पहला मुकाबला थाईलैंड से होगा। ग्रुप-अ का यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा।

भारत की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। टीम में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा जैसी अनुभवी खिलाड़ी हैं। वहीं, जेमिमा रोड्रिग्स चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं। उनकी जगह प्रतिका रावल को टीम में शामिल किया गया है।

**भारत ने तीनों मैच जीते–** भारत और थाईलैंड के बीच अब तक तीन महिला टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं। तीनों में भारतीय टीम विजेता रही है। भारत ने 2018 और 2022 में थाईलैंड को हराया था। पिछली तीन भिड़ंत में भारत की जीत का अंतर 66, 9 और 74 रन रहा है।

**भारत के बेस्ट खिलाड़ी– मंधाना, शेफाली और दीप्ति–** भारत की बल्लेबाजी में स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और कप्तान हरमनप्रीत कौर पर नजर रहेगी। हाल के आंकड़ों में




शेफाली ने 16 मैचों में 680 रन बनाए हैं। वहीं, हरमनप्रीत ने 9 मैचों में 269 रन बनाए हैं और मंधाना के नाम 8 मैचों में 245 रन हैं।

गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा और श्री चरानी अहम रहेंगी। चरानी ने हाल के 10 मैचों में 21 विकेट लिए हैं। वह मौजूदा क्ळउ महिला टी-20 रैंकिंग में नंबर-1 गेंदबाज भी हैं। दीप्ति के नाम इसी अवधि में 15 विकेट हैं।

**थाईलैंड के बेस्ट खिलाड़ी– पुथावोंग और कोनचारोएनकाई–** थाईलैंड की सबसे बड़ी उम्मीद थिपाचा पुथावोंग होंगी। उन्होंने हाल के 10 मैचों में 20 विकेट लिए हैं और उनकी इकॉनमी सिर्फ 3.70 रही है। सुनीदा चतुरोंगरत्तना ने भी इसी अवधि में 16 विकेट लिए हैं।

बल्लेबाजी में नन्नापत कोनचारोएनकाई ने 10 मैचों में 254 रन बनाए हैं। उनका औसत 63.50 है। फन्निता माया के नाम 190 रन हैं।

**पिच रिपोर्ट– दुबई में स्पिनर्स का रोल अहम–** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम की पिच पर मुकाबला आगे बढ़ने के साथ स्पिन गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। भारत के पास दीप्ति शर्मा, चरानी, राधा यादव और प्रेमा रावत के रूप में स्पिन के कई विकल्प हैं। थाईलैंड भी पुथावोंग और सुनीदा के प्रदर्शन पर निर्भर रहेगा। मुकाबला रात में है, इसलिए शुरूआत में तेज गेंदबाजों को भी कुछ मदद मिल सकती है। टॉस जीतने वाली टीम परिस्थितियों को देखते हुए पहले गेंदबाजी का फैसला कर सकती है।

### भारत का रिकॉर्ड- 3 बार चैंपियन

टी-20 फॉर्मेट में भारत ने महिला एशिया कप के पांच में से तीन संस्करण जीते हैं। भारत ने 2012, 2016 और 2022 में खिताब अपने नाम किया था। 2024 में टीम रनर-अप रही थी। पूरे टी-20 एशिया कप इतिहास में भारत ने 29 में से 25 मैच जीते हैं। टूर्नामेंट में भारत के लिए सबसे ज्यादा रन हरमनप्रीत कौर ने बनाए हैं। उनके नाम 25 मैचों में 571 रन हैं। गेंदबाजी में दीप्ति शर्मा 19 मैचों में 26 विकेट के साथ सबसे आगे हैं।

**मौसम रिपोर्ट- मैच के समय आसमान साफ रहने का अनुमान-** दुबई में 30 अगस्त को मौसम साफ रहने का अनुमान है। दिन का तापमान करीब 43 डिग्री और रात का तापमान करीब 31 डिग्री तक रहने की संभावना है। बारिश की संभावना नहीं है।

### पॉसिबल प्लेइंग-क

**भारतः** स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, भारती फुलमाली, हरमनप्रीत कौर, ऋचा घोष, दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, प्रेमा रावत, राधा यादव, श्री चरानी, रेणुका ठाकुर।

**थाईलैंडः** नन्नापत कोनचारोएनकाई, नत्थाकन चन्थम, नरुमोल चाईवाई, फन्निता माया, चनिदा सुत्थिरुआंग, सुलेपॉर्न लाओमी, ओननिचा कामचोम्फू, थिपाचा पुथावोंग, सुनीदा चतुरोंगरत्तना, अपिसरा सुवानचोनराठी, चयानिसा फेंगपैन।

## साउथ अफ्रीका ने जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ विंडहोक

साउथ अफ्रीका ने विंडहोक में खेले गए टी-20 ट्राई सीरीज के दूसरे मुकाबले में जिम्बाब्वे को 7 विकेट से हरा दिया। जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में साउथ अफ्रीका ने 13.4 ओवर में 3 विकेट खोकर 146 रन बनाकर मैच जीत लिया। डेवॉल्ड ब्रेविस ने 32 गेंदों पर नाबाद 75 रन की पारी खेली। उन्होंने 7 चौके और 6 छक्के लगाए। यह ट्राई सीरीज में उनकी लगातार दूसरी 75 रन की पारी रही। साउथ अफ्रीका को पहले मैच में नामीबिया से 18 रन से हार मिली थी। टॉस जीतकर बल्लेबाजी कर रही जिम्बाब्वे की शुरूआत अच्छी रही। बेन करन ने 12 गेंदों पर 24 रन बनाए। उन्होंने डुआन यानसन के एक ओवर में 14 रन भी बटोरे। उनके साथ ब्रायन बेनेट ने पारी को आगे बढ़ाया। करन 24 रन बनाकर मिडऑफ पर कैच हो गए। ताडिवानाशे मारुमानी ने भी तेजी से रन बनाए। उन्होंने 13 गेंदों पर 30 रन की पारी खेली। बेनेट ने 35 गेंदों पर 34 रन बनाए। हालांकि, पावरप्ले के बाद जिम्बाब्वे की रन गति धीमी हो गई।

# ब्राजील, उरुग्वे से खेलने पर जलन होती है : सुनील छेत्री



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पूर्व भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने ब्राजील और उरुग्वे के खिलाफ भारत के मुकाबलों पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मौजूदा टीम को इन बड़ी टीमों के खिलाफ खेलते देखकर उन्हें थोड़ी जलन होती है।

शनिवार को छेत्री ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के हवाले से कहा कि करीब 20 साल के इंटरनेशनल करियर में उन्हें ब्राजील जैसी टीम के खिलाफ खेलने का मौका नहीं मिला। भारत और ब्राजील के बीच फ्रेंडली मैच 3 अक्टूबर को कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके बाद 6 अक्टूबर को इसी मैदान पर उरुग्वे से मुकाबला होगा। वहीं, सितंबर में भारत का पनामा से भी खेलने का कार्यक्रम है। हालांकि, इसकी तारीख अभी तय नहीं हुई है। जब छेत्री से पूछा गया कि क्या वे भविष्य में फिर भारत की जर्सी में नजर आ सकते हैं, तो उन्होंने मजाकिया अंदाज में जवाब दिया। उन्होंने कहा, मैं करीब 42 साल का हूं। अब ठीक से दौड़ भी नहीं पाता और संघर्ष कर रहा हूं।

मैच से पहले ब्राजील की टीम के ढाका में ट्रेनिंग कैंप लगाने की संभावना है। ब्राजील फुटबॉल कन्फेडरेशन का पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 23 अगस्त को ढाका का दौरा कर चुका है। उसने नेशनल स्टेडियम और बशुंधरा किंग्स एरिना समेत कई जगहों का निरीक्षण किया। बांग्लादेश फुटबॉल फेडरेशन के मुताबिक, ब्राजील के प्रतिनिधियों को वहां की पिच ठीक लगी। हालांकि, ड्रेसिंग रूम और सुरक्षा व्यवस्था में कुछ सुधार की जरूरत बताई गई है।

## खबर एक नजर...

### मकान में मृत मिली वृद्धा, परिजनों की तलाश

**उज्जैन।** पिपलीनाका क्षेत्र राजपुरोहित धर्मशाला के पास डेढ़ साल से किराये के मकान में रहने वाली 65 साल की सरसकुंवर पति मानसिंह की शनिवार दोपहर लाश मिलना सामने आया है। आसपास के लोगों की सूचना पर जीवाजीगंज थाना पुलिस पहुंची तो सामने आया कि वृद्धा अकेली रहती थी, मकान मालिक और आसपास के लोगों से जानकारी लेने पर उसके परिजनों का पता नहीं चल पाया। पड़ोसियों ने बताया कि काकी नाम से पुकारते थे, सुबह से दिखाई नहीं दी तो जाकर देखा दरवाजा अटका हुआ था, आवाज लगाने पर काकी नहीं आई तो अंदर देखा, वह मृत पड़ी थी। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों का पता लगाया जा रहा है। मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद सामने आयेगी, लेकिन प्रतीत हो रहा है कि वृद्धावस्था के चलते सरसकुंवर बाई की सांसे थमी है।

### शराब के साथ हिरासत में आया हिस्ट्रीशिटर बदमाश

**उज्जैन।** महिदपुर स्थित मेला रोड पर अवैध कच्ची शराब के साथ दिखाई दिये बदमाश की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने टीम को धरपकड़ के लिये रवाना किया। टीम ने घेराबंदी कर जोशी ढाबे के पास से उक्त बदमाश को हिरासत में लिया। जिसके पास से केन में भरी शराब जप्त की गई। बदमाश थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशिटर बदमाश आशिक उर्फ आसीम उर्फ जुनैद उर्फ आसीम स्टील पिता वाहिद 33 साल निवासी बैरजाली महिदपुर होना सामने आया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश के खिलाफ चोरी, अवैध हथियार, शासकीय कार्य में बाधा, बलवा जैसे 15 मामले महिदपुर, इन्दौर, रतलाम, और राजस्थान में दर्ज है। शराब के साथ गिरफ्त में आने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया था, जहां से उपजेल महिदपुर भेजा गया है।

### सीने में दर्द उठने पर बाइक से गिरे वृद्ध की मौत

**उज्जैन।** बेगमबाग कालोनी में रहने वाले 50 वर्षीय मोहम्मद अशफाक पिता इसाक साइकिल रिपेरिंग का काम करते थे। शुक्रवार-शनिवार रात उनकी बहन की बेटी के यहां चरक अस्पताल में डिलेवरी हुई थी। पुत्र होने पर मोहम्मद अशफाक मिठाई लेकर अस्पताल आ रहे थे। आगररोड पर दरगाह मंडी के पास अचानक चलती बाइक से गिर गये। कार चालक ने घटनाक्रम देखा तो तत्काल चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद दिल का दौरा पड़ने की पुष्टि करने के साथ निधन होना बताया। मामले की सूचना चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई। मोबाइल मिलने पर मृतक वृद्ध की पहचान हुई, परिवार के लोग चरक अस्पताल में मौजूद थे, तत्काल पहुंच गये। बताया जा रहा था कि उनका उपचार भी चल रहा था। परिजन पोस्टमार्टम के लिये तैयार नहीं थे, लेकिन चलती बाइक से गिरने पर पुलिस ने परिजनों को समझाईश दी। शनिवार सुबह परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया।

### राजस्थान के बदमाश ने कबूली चोरी की 2 वारदात

**उज्जैन।** रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे उत्तरप्रदेश के प्रयागराज में रहने वाले सौम्यव्रत गुप्ता की जेब से अज्ञात बदमाश मोबाइल चोरी कर लिया था। जीआरपी थाना प्रभारी सुनील गुप्ता ने यात्री की शिकायत पर मामला जांच में लिया और आरपीएफ टीम के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें संदिग्ध दिखाई दिया, जिसकी तलाश करने पर उक्त संदेही को रेलवे स्टेशन उज्जैन के नागदा साइड आउटर क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसका नाम सांवरलाल पिता जगदीश राठौर 35 साल निवासी भीलवाड़ा राजस्थान सामने आया। उसकी तलाशी लेने पर चोरी किया रियलमी कंपनी का मोबाइल बरामद हो गया। आरोपी की जेब से नगद 5 हजार 500 रुपए भी मिले। जिसके संबंध में पूछताछ की गई तो उसने साबरमती ट्रेन में यात्री की जेब से चुराना स्वीकार कर लिया। 2 ट्रेन यात्रियों के साथ हुई वारदात का खुलासा होने पर आरोपी के खिलाफ चोरी के प्रकरण दर्ज किये गये और न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### नरवर के युवक ने ब्यावरा में खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** नरवर के ग्राम बांसखेड़ी में रहने वाला कुलदीप पिता हेमंतराव 24 साल फर्नीचर बनाने का काम करता था। शुक्रवार को वह मक्सीरोड के ग्राम ब्यावरा गया था, जहां उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसने कुछ लोगों को कहा कि घर वालों को खबर कर दो। जानकारी मिलने पर परिजन ब्यावरा पहुंचे और कुलदीप को उपचार के लिये निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां रात में उसकी मौत हो गई। पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। जहरीला पदार्थ खाने का कारण सामने नहीं आया है। जांच और बयान के बाद घटना स्पष्ट हो पायेगी।

### हत्या-चाकूबाजी के बाद हर थाना क्षेत्र में तलाशी-चैकिंग अभियान

**उज्जैन।** पिछले कुछ दिनों में चिमनगंज-माधवनगर थाना क्षेत्र में 3 हत्या और चाकूबाजी की घटना के बाद शनिवार को पुलिस मैदान में उतर गई। गुंडो-बदमाशों के खिलाफ बड़ा चैकिंग अभियान चलाया गया। देर रात तक पुलिस सड़कों पर दिखाई दे रही थी। शहर में बढ़े संगीन घटनाक्रमों के बाद शनिवार को एसपी प्रदीप शर्मा ने क्राइम बैठक में समीक्षा करते हुये सभी थाना प्रभारियों को अपने सर्कल में चैकिंग अभियान चलाने के साथ संदिग्धों की तलाशी और पूछताछ के निर्देश जारी किये थे। देर शाम पूरे शहर के थाना क्षेत्र में पुलिस चैकिंग अभियान में सड़कों पर आ गई।

---

उज्जैन से लगभग 51 किलोमीटर दूर स्थित एकांत में श्रद्धा अपार, लग गया घड़ियों का अंबार

# बरगद के वृक्ष के नीचे सगस महाराज को घड़ियां चढ़ाने की परंपरा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

भारत देश विविध संस्कृतियों का अद्भुत संगम है। हमारे देश मे ईश्वर के अलावा लोक देवताओं का भी विशेष महत्व रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों मे लोक देवता के लिए भी श्रद्धा व आस्था अपरम्पार देखने को मिलती है। ऐसा ही एक आस्था का केन्द्र बना हुआ है सगस महाराज का देव स्थान, जो उन्हेल से लगभग 14 किलोमीटर दूर गुराडिया सांगा गांव मे स्थित है और उज्जैन से लगभग 51 किलोमीटर दूर है। एकांत में एक बरगद वृक्ष के नीचे सगस महाराज का पावन धाम है। यहां दूर दूर से श्रद्धालु आते हैं और मन्नत मांगते हैं।

- **मन्नत पूरी तो चढाते हैं घड़ी -** सगस महाराज के विषय मे जानकारी देते हुए यहां के मुख्य सेवादार रवि पटेल ने बताया कि ये बरगद का पेड़ उनके खेत मे स्थित है और इस स्थान की पूजा उनके पूर्वज करते आ रहे थे किन्तु वर्ष 2016 से यहां स्थानीय ग्रामीण श्रद्धालुओ की आवाजाही बहुत बढ गई। ग्रामीण महिलाओं की मन्नत पूरी होने लगी और वे यहां पुष्प व प्रसाद आदि चढाने लगीं। आसपास के क्षेत्र की कई महिलाओं को यहां मन्नत करने से संतान सुख मिलने लगा। कई लोगों के बिगडे काम बनने लगे और लोग यहां आकर प्रसाद आदि अर्पित करने लगे।



- **सिंहस्थ 2016 से ज्योत जलाई-** सेवक रवि के अनुसार 2016 से इस स्थान पर ज्योत जलाई जाने लगी ! सगस महाराज के बिल्कुल समीप जब महिलाएं दर्शन करने आने लगीं तो ज्योत बुझने लगी अतः सगस महाराज के पास एक स्टील की रेलिंग लगा दी गई और रेलिंग के अंदर महिलाओ का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। अब महिलाएं रेलिंग के बाहर से ही दर्शन लाभ लेती हैं।



- **घड़ी को कोई नहीं चुराता-** आश्चर्य का विषय तो ये है कि सगस महाराज के आसपास हजारों चलायमान घड़ी का अंबार लगा है पर कोई भी चोर आकर घडी नहीं चुरा पाया है। सेवक राहुल ने बताया कि पहले एक दो लोग घडी उठाकर ले गए तो उनका अच्छा समय भी बिगड गया और उन्हें घोर संकट का सामना करना पडा तब से कोई भी चोर घडी चुराने की हिम्मत नहीं कर पा रहा है।

### कौन हैं सगस महाराज

बरगद के पेड के नीचे किसी सिद्ध पुरूष का ये पुराना पवित्र स्थल है। वृक्ष के मोटे तने पर चमेली के तेल मे सिन्दूर घोलकर लेप किया गया है और ये ही प्रतीकात्मक सगस महाराज हैं। रवि बताते हैं कि सगस महाराज यहां अदृश्य रूप मे उपस्थित रहते हैं। वे सभी की सुनते हैं और मनोकामना पूरी भी करते हैं। मनोरथ पूर्ण होने पर श्रद्धालु यहां आकर फूल प्रसादी, सिगरेट, झूला व घडी आदि अर्पित करते हैं।

### घडी चढाने का महत्व

बाबा सगस को घड़ियां बहुत पसंद हैं। एक सेवादार राहुल आंजना ने बताया कि पहले घड़ियां नहीं चढती थीं। कोरोना महामारी के बाद कुछ व्यापारियों के धंधे पिटा गये तो कुछ लोग बेरोजगार भी हो गए। ऐसे संकट के समय बहुत से लोग सगस महाराज की शरण मे आए और अपने बुरे समय को बदलने की दरख्वास्त की। कुछ व्यापारियों का समय बदल गया और उनका व्यापार वापस से फलाफूला। प्रसन्न होकर उन्होने यहां दीवार घडी चढा दी। घडी के वारे मे जानकारी लेकर अन्य लोगों ने भी समय बदलने की मनोकामना की और पूर्ण होने पर,यहां घड़ियां चढाई। इस तरह यहां घडी चढाने की परंपरा अस्तित्व मे आई और लोग खुश होकर यहां हाथ घड़ी व दीवार घड़ी चढाने लगे। कुछ ही समय मे पूरे बरगद वृक्ष के मुख्य तने और विभिन्न शाखाओं पर घड़ी ही घड़ी बंधी नजर आने लगीं। जब पेड़ पर जगह नहीं बची तो श्रद्धालु पेड़ के पास घड़ी रखकर जाने लगे। आज स्थिति ये है कि केवल छः वर्ष मे ही श्रद्धालुओं द्वारा चढाई गई घड़ियों से पास के खेत मे एक पहाड बन चुका है।

- **सभी नामचीन कंपनियों की घड़ियां -** सगस महाराज के अस्ताने पर देश व विदेश की नामचीन कंपनियों की घड़ी नजर आती हैं। इनमे टाइटन, अजंता, विक्टर ,क्वाट्र्ज आदि प्रमुख हैं।
- **सूनी गोद भरने पर झूला-** जिन महिलाओं को संतान नहीं हो पा रही थी वे भी यहां संतान की आस मे आते हैं और संतान सुख मिलने पर सगस महाराज को झूला अर्पित करते हैं। बहुत ही सुन्दर झूले भी यहां बरगद के वृक्ष को शोभायमान कर रहे हैं। गुराडिया सांगा ग्राम के सगस महाराज का ये दिव्य स्थल आज लोगों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वर्ष मे एक बार जून माह की गंगा दशमी पर यहां विशेष आयोजन होता है जिसमे निशान चल समारोह व भंडारा आयोजित होता है। आज दूर दूर से श्रद्धालु सगस महाराज की दर्शन अभिलाषा लेकर इस छोटे से गांव मे आते हैं। गुराडिया सांगा तक पहुंच मार्ग पक्का है ।सनातन की विरासत को समेटे हुए सगस महाराज का ये स्थान लोकदेवता के महत्व को प्रतिष्ठित करता ही जान पडता है।

---

पूछताछ में कबूला पवन ऊर्जा केबल चोरी का राज

# हूटर लगी कार से 7 बदमाश करते थे अवैध काम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

हूटर लगी कार से अवैध शराब ठिकाने लगाने का काम कर रहे बदमाशों को घेराबंदी कर पकड़ा गया तो उनसे पवन ऊर्जा केबल चोरी का सुराग मिल गया। 7 बदमाशों की निशानदेही पर 25 लाख की केबल जप्त की गई है।

भाटपचलाना थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 26 अगस्त की रात हुटर लगी हुंडई कार क्रमांक एमपी 13 झेडपी 2693 से अवैध शराब का परिवहन होने की खबर मिलने पर खाचरौद-भाटपचलाना आम मार्ग पर नाकाबंदी की गई थी। इस दौरान घेराबंदी कर उक्त हूटर लगी कार को पकड़ा गया। जिसमें विरेन्द्र पिता धारासिंह डाबी, मंगल पिता भोमसिंह डाबी, कन्हैयालाल पिता लालसिंह सोलंकी, विजय पिता सावंतसिंह राजपूत, महेश पिता रामकिशन निवासी ग्राम लिम्बास और भोला उर्फ भोलाराम पिता महेन्द्रसिंह सिसौदिया ग्राम रूद्रखेडा महिदपुर सवार थे। 6 युवकों को हिरासत में लिया गया और कार की तलाशी ली गई तो उसमें से 70 लीटर जहरीली शराब की केन बरामद हो गई। सभी युवकों को थाने लाया गया और पूछताछ शुरू की गई। कार विरेन्द्र डाबी के नाम होना सामने आई, वहीं पता चला कि कुछ दिनों पहले ग्राम लिम्बास के पहाडियों क्षेत्र में लगी पवन चक्कियों के जनरेटर से ऊर्जा पैनल तक लगी केबल चोरी के दौरान भी संदिग्ध कार दिखाई दी थी। थाना प्रभारी ने शराब के साथ हिरासत में युवकों से केबल चोरी के संबंध में सख्ती से पूछताछ शुरू की तो उन्होने अपने साथी लोकेन्द्र पिता भीमसिंह निवासी ग्राम लिम्बास के साथ केबल चोरी करना कबूल कर लिया। पुलिस टीम ने लोकेन्द्र को हिरासत में लेने के लिये दबिश दी और उसे भी गिरफ्तार कर सातों आरोपियों की निशानदेही पर 25 लाख कीमत की 1254 मीटर तांबे की केबल के साथ ग्राइंडर कटर और औजार बरामद कर लिये। थाना प्रभारी चौधरी ने बताया कि पवन चक्की से केबल चोरी की शिकायत पूर्व में स्टेट सिक्योरिटी हेड सुजलोन कंपनी के अमित यादव द्वारा लिखित में की गई थी। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के साथ चोरी का प्रकरण दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया है।

### शराब तस्करी के लिये लगाते थे हूटर

बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि वह कार पर हूटर शराब तस्करी के लिये लगाते थे। ताकि अवैध काम के दौरान हूटर लगी गाड़ी देखकर कोई रोके नहीं और वह तेजगति से निकल जाये। पूर्व में अवैध शराब का परिहवन कर चुके थे, लेकिन पकड़े नहीं गये थे। आरोपियों से जप्त की गई की कीमत 5 लाख से अधिक सामने आई है। उनका मकसद कम समय में ज्यादा पैसा कमाने था, जिसके चलते रात में चोरी और दिन में शराब परिवहन का काम करने लगे थे।

---

# खेल दिवस पर टेबल टेनिस खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

खेल दिवस के अवसर पर स्थानीय राजमाता विजयराजे सिंधिया खेल परिसर, नानाखेड़ा स्टेडियम में एक दिवसीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उज्जैन के बालक-बालिका एवं पुरुष-महिला खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पूरे जोश और खेल भावना के साथ अपने खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीक, फुर्ती और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए खेलप्रेमियों की खूब तालियां बटोरीं।

---

# एलिवेटर ब्रिज के गड्ढे से बिगड़ा संतुलन, युवक की मौत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

इंदौरगेट से हरिफाटक ब्रिज के बीच शुक्रवार-शनिवार रात दोस्त के साथ महाकाल शिखर दर्शन करने जा रहे युवक की हादसे में मौत हो गई। एलिवेटर ब्रिज के लिये खोदे गये गड्ढे से संतुलन बिगड़ने पर बाइक डिवाइडर से टकराई थी।

देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि इंदौरगेट से कुछ दूर आगे हरिफाटक ब्रिज की ओर जाने वाले मार्ग पर हुये सड़क हादसे में 2 युवकों को चरक अस्पताल लोगों की मदद से भेजा गया था। एक युवक की मौत हो चुकी थी, दूसरा घायल था। सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची तो मृतक का नाम राजेन्द्र पिता नन्नूलाल शर्मा 37 साल बुधवारिया स्टेट बैंक की गली मूल निवासी भोपाल सामने आया। घायल का नाम रौनक पिता रतनसिंह निवासी जीवाजीगंज क्षेत्र था। घायल से पूछताछ करने पर पता चला कि दोनों महाकाल शिखर दर्शन करने जा रहे थे। एलिवेटर ब्रिज के लिये खोदे गये गड्ढे की वजह से बाइक का संतुलन बिगड़ा और डिवाइडर से टकरा गये। मृतक हम्माली का काम करता था और उज्जैन में किराये से रहता था। एएसआई रामेश्वर धानक ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। भोपाल से माता-पिता उज्जैन पहुंच गये थे, लेकिन भाई गुजरात में होने की वजह से देर शाम तक नहीं आया था। जिसके चलते पोस्टमार्टम नहीं कराया गया है। भाई के आने पर रविवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा। माता-पिता ने उज्जैन में अंतिम संस्कार की बात कही है। मृतक राजेन्द्र अविवाहिता था और करीब 15 सालों से उज्जैन में काम कर रहा था।

**महाकाल शिखर दर्शन करने जा रहा था दोस्त के साथ**

# धनुष द्वार के पास मंदिर सफाईकर्मी को मारे चाकू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

रात 10.30 बजे के लगभग महाकाल लोक धनुष द्वार के पास मंदिर सफाईकर्मी पर चार से पांच युवकों ने चाकू से हमला कर दिया। महाकाल लोक सुरक्षाकर्मी मंदिर समिति की एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। सफाईकर्मी को हाथ पर चाकू के गहरे घाव लगे है। रंजीत हनुमान नागतलाई में रहने वाला उमेश पिता रमेश टटवाल 30 साल महाकाल मंदिर केएसएस कंपनी में सफाईकर्मी है। दिन में वह रिक्शा चलाता है और रात में महाकल लोक सफाई का काम करता है। रात 10.30 बजे वह जयसिंहपुरा से होता हुआ रिक्शा लेकर धनुष द्वार पहुंचा था, जहां से अंदर महाकाल लोक के लिये जा रहा था, जहां से गोगादेव छड़ी का जुलूस लेकर वाल्मिकी समाज के युवा गुजर रहे थे। बीच रास्ते में युवकों के चलने पर उमेश ने रास्ता देने की बात कहीं तो 4 से 5 युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। उमेश ने कारण पूछताछ तो उसकी रिक्शा पलटा दी और चाकू से हमला कर दिया, हाथ पर चाकू के गहरे घाव लगने पर उमेश लहूलुहान हो गया।

---

अग्रवाल समाज ने घेरा था माधवनगर थाना

# हार्न बजाने पर हत्या करने वालों की सुनाई दी चीख

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

दमदमा में गुरूवार-शुक्रवार रात ट्रेक्टर शोरूम संचालक की हत्या करने वाले 4 आरोपियों की शनिवार दोपहर दमदमा में उसी स्थान पर चीखे सुनाई दी, जहां चाकू मारकर हत्या की गई थी। चारों को कोर्ट में पेश कर 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।

ऋषिनगर एक्सटेंशन में रहने वाले ट्रेक्टर शोरूम संचालक यश पिता विजय नारायण मित्तल 27 साल की दमदमा में रात 2 बजे कार का हार्न बजाकर साइड मांगने पर रास्ते में बाइक लेकर खड़े 7-8 युवकों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने यश मित्तल के दोस्तों पर भी चाकू पत्थर से हमला किया था। साइड मांगने पर हमला करने वालों ने धमकी भरे अंदाज में कहा था कि यह दमदमा है, यहां हमारे बारे में पता कर लेना कि हम कौन है। माधवनगर पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को चिन्हित किया था, जो दमदमा के रहने वाले आयुष शर्मा, विजयसिंह ठाकुर, विशाल ठाकुर, सेंटू, आकाश रायकवार, करण और सागर के साथ अन्य सामने आये थे। शुक्रवार देर शाम पुलिस ने विजयसिंह ठाकुर, करण गाठिया, विशाल ठाकुर और सागर तनोरिया को गिरफ्तार कर लिया था। शनिवार दोपहर चारों को घटनास्थल की तस्दीक के लिये दमदमा ले जाया गया, जहां जिस धमकी भरे अंदाज में उन्होने अपने बारे में पता करने के लिये कहा था उसी अंदाज में पुलिस ने उन्हे कानून के डंडे का खौफ दिया। चारों की दर्द से कराहते हुये चिखे सुनाई देने लगी। दमदमा से चारों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 2 दिनों की रिमांड पर लिया गया है। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि फरार आकाश, आयुष, सेंटू और अन्य की तलाश जारी है। जल्द उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एक टीम उनके ठिकानों पर दबिश दे रही है।



### मामूली बात पर हत्या, सख्त कार्रवाई की मांग

ट्रेक्टर शोरूम संचालक की हत्या को लेकर शनिवार को अग्रवाल पंचायत न्यास और समाजजनों ने माधवनगर थाने का घेराव किया, 4 से 5 दर्जन की संख्या में एकत्रित समाजजनों का कहना था कि मामूली बात पर हत्या करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द की जाये और सख्त कार्रवाई की जाये। समाजजनों ने सीएसपी शिंदे को सख्त कार्रवाई के लिये पत्र सौंपा।

---

55.60 ग्राम की 4 चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद, सोमवार को हुई थी 9 वारदात

# सवारी में वारदात करने महाराष्ट्र से आता था बदमाश

**ब्रह्मास्त्र ▸▸** उज्जैन

बाबा महाकाल की चौथी सवारी में महिला श्रद्धालुओं के गले से चेन और मंगलसूत्र चोरी करने वाला महाराष्ट्र का बदमाश शनिवार को पुलिस की हिरासत में आ गया। क्राइम टीम और महाकाल थाना पुलिस की टीम ने बदमाश के पास से 55.60 ग्राम वजन की 4 चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद किये गये है।

सवान माह की शुरूआत होने के बाद प्रति सोमवार बाबा महाकाल भक्तों को दर्शन देने नगर भ्रमण पर निकले रहे है। बाबा की सवारी में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे रहे है। आस्था की भीड़ में बदमाश भी सक्रिय थे, चौथी सवारी 24 अगस्त को निकाली गई, इस दौरान महाकाल थाना क्षेत्र के सवारी मार्ग पर 9 महिला श्रद्धालुओं के साथ चेन और मंगलसूत्र चोरी होने के मामले सामने आये थे। महाकाल थाना पुलिस ने बदमाशों का पता लगाने के लिये क्राइम टीम के साथ पड़ताल शुरू की थी। क्राइम टीम से प्रधान आरक्षक इंद्र विक्रमसिंह (बंटी), महाकाल थाना प्रधान आरक्षक शैलेष योगी और गोपाल सुरावत ने कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू किया और 4 दिनों की मशक्कत के बाद नृसिंह घाट क्षेत्र से बेग लेकर घूम रहे संदिग्ध को हिरासत में लिया। जो महाराष्ट्र के जामखेर का रहने वाला विशाल पिता राजू गायकवाड़ 24 साल था। उससे सख्ती के साथ पूछताछ शुरू की गई और बेग की तलाशी गई तो उसमें से 4 सोने की चेन और 2 मंगलसूत्र बरामद हो गये। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि उसने सवारी के दौरान महिला श्रद्धालुओं के गले से चोरी की थी। पुलिस ने उसके साथियों का पता लगाने की कोशिश की, लेकिन सामने आया कि वह अकेला वारदात को अंजाम देता था और सोमवार को निकलने वाली सवारी से 2 दिन पहले उज्जैन आता था, वारदात के बाद वापस महाराष्ट्र भाग निकलता था। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि सवारी में चेन चोरी करने वाले बदमाश से बरामद 4 चेन और 2 मंगलसूत्र 55.60 ग्राम है जिसकी कीमत 10 लाख से अधिक पाई गई है। आरोपी से सवारी में हुई चोरियों का खुलासा होने पर प्रकरण दर्ज कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।



### पहली सवारी में धराई थी मनासा की महिला

सावन माह की पहली सवारी 3 अगस्त को निकाली गई थी। इस दौरान महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धी मंदिर क्षेत्र से चार महिलाओं के गले से चेन चोरी होना सामने आया था। उस वक्त मनासा के ग्राम हाड़ी पिपलिया में रहने वाली महिला अमरी पति सुरेश बाछड़ा को पकड़ा गया था। जिसके पास से चोरी का पेंडल बरामद हुआ था। वारदात के बाद उसने चेन अपनी महिला साथी को दे दी थी। जिसका पता नहीं चल पाया था। अब भी पहली सवारी से लेकर चौथी सवारी में हुई वारदातों में कुछ का सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस के लिये सबसे बड़ी चुनौती बाहर से आने वाली गैंग है, जो आस्था की भीड़ के साथ आती है और वारदात करने के बाद वापस लौट जाती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com